


दैनिक समाचार पत्र

# देश का दर्पण न्यूज

राजस्थान, उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड, हरियाणा, दिल्ली व महाराष्ट्र से प्रकाशित

अब आपके मोबाइल पर डिजिटिल अखबार

प्रदेश के ताजा समाचार

अपने लेख एवं समचार भेंजे

सम्पादक : उमेन्द्र राजपूत

7014997449, 9636058201

Email : deshkadarpannews@gmail.com

web : www.deshkadarpannews.co

वर्ष-5, अंक:172 | जयपुर, बुधवार, 03 सितम्बर 2025 | मूल्य : 5.00 पेज:


# मणिपुर में सुरक्षा बलों की बड़ी कार्रवाई: हथियार, ड्रग्स बरामद के साथ कई उग्रवादी गिरफ्तार

**एजेंसी**

**इंफाल।** मणिपुर में सुरक्षाबलों ने 25 से 31 अगस्त तक खुफिया सूचनाओं के आधार पर संयुक्त अभियानों में बड़ी सफलता हासिल की है। भारतीय सेना, असम राइफल्स और मणिपुर पुलिस ने मिलकर कई जिलों में उग्रवादियों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए तीन उग्रवादी कैडर को गिरफ्तार किया और भारी मात्रा में हथियार, गोला-बारूद और नशीले पदार्थ बरामद किए। बरामद सामग्री में 53 हथियार, सात आईईडी, 10 लाख रुपए की ड्रग्स और अन्य युद्ध-संबंधी सामान शामिल हैं। 25 अगस्त को चुराचांदपुर के एस. मुननुआम गांव में असम राइफल्स ने 1200 डब्ल्यूवाई टैबलेट्स (मूल्य लगभग 10 लाख रुपए) जब्त कर ड्रग्स की तस्करी की बड़ी चेन तोड़ी। सुगनू के सिंगटॉम गांव में संयुक्त अभियान में इंसास राइफल, मोर्टार, कार्बाइन, .32 पिस्टल, सात आईईडी, आंसू गैस ग्रेनेड, और बुलेटप्रूफ कवर बरामद हुए। तामेंगलांग के पंगमोल गांव से 110 राउंड एके-47, 16 राउंड एलएमजी, और सैन्य वर्दी जब्त की गई। उसी दिन इंफाल ईस्ट के तक्खेल से केसीपी (एमएफएल) का एक कैडर गिरफ्तार किया गया। 26 अगस्त को जिरीबाम के रशीदपुर से हथियार और छह रेडियो सेट बरामद हुए। 27 अगस्त को कांगपोकपी के कोतजिम और माओहिंग कूकी से एम16 राइफल,



कार्बाइन, मोर्टार, और बुलेटप्रूफ जैकेट जब्त किए गए। तेंगनौपाल के हाओलेंफाई (मोरेह) से वीवीईजेड के लिए काम करने वाला एक संदिग्ध पकड़ा गया। 28 अगस्त को काकचिंग डीएसए रोड से केसीपी (टी) का एक सदस्य और इम्फाल वेस्ट के लमसांग से केसीपी (पीपुल्स वॉर ग्रुप) का एक कैडर गिरफ्तार किया गया। जिरीबाम के जैरोलपोकपी और मोंगबुंग में पांच एकनाली बंदूक और बारूद बरामद हुआ। 28 अगस्त को ही इंफाल ईस्ट के बामोन लेईकाई से केवाइकेएल (ओकेन) का एक सदस्य और 29 अगस्त को मोइरांग से प्रीपाक (प्रो) का एक उग्रवादी पकड़ा गया। भारत-म्यांमार सीमा पर तेंगनौपाल में पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) के चार सदस्य गिरफ्तार किए गए। मणिपुर पुलिस ने लोगों से अफवाहों पर ध्यान न देने और 9233522822 नंबर पर सूचनाएं सत्यापित करने की अपील की है।

## पर्यावरण मंत्री सिरसा ने की दिल्ली के एक्शन प्लान की समीक्षा

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के वन एवं पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने संशोधित स्टेट एक्शन प्लान ऑन क्लाइमेट चेंज (एसएपीसीसी) को अंतिम रूप देने के लिए आयोजित एक उच्चस्तरीय बैठक की अध्यक्षता की।पर्यावरण विभाग और दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण समिति (डीपीसीसी) के वरिष्ठ अधिकारियों ने उन्हें 2050 तक के जलवायु पूर्वानुमान और विभिन्न क्षेत्रों में अपनाए जाने वाले अनुकूलन और कार्बन उत्सर्जन को कम करने के उपायों से अवगत कराया। मंत्री ने कहा कि दिल्ली की जनहित-केंद्रित सरकार हर नीति की बहुस्तरीय समीक्षा करके ही उसे लागू करेगी, जिससे वायु गुणवत्ता बेहतर हो और जलवायु की रक्षा हो सके। उन्होंने कहा कि हम केवल बातें नहीं बल्कि धरातल पर असर दिखाने वाले कदम उठाएंगे। बैठक की शुरुआत दिल्ली की जलवायु संवेदनशीलता पर प्रस्तुति से हुई, जिसमें बढ़ती हीट-स्ट्रेस, शहरी बाढ़, जल-संकट और ऊर्जा-मांग के तेज इजाफे से जन-स्वास्थ्य व आधारभूत ढांचे पर पड़ने वाले खतरों को चर्चा में शामिल किया गया। मंत्री ने कहा कि इन जुड़ी हुई चुनौतियों के कारण अनुकूलन और उत्सर्जन कटौती दोनों को तेजी से आगे बढ़ाना जरूरी है। ऊर्जा एवं बिजली चर्चा में एलईडी बल्ब-विस्तार, स्मार्ट मीटरिंग, बिजली आपूर्ति दक्षता और ग्रीन मॉबिलिटी के लिए चार्जिंग ढांचे की प्रगति पेश की गई। नवीकरणीय ऊर्जा बढ़ाने और हीट वेव झेलने के लिए ग्रिड मजबूती के उपाय भी सामने रखे गए। शहरी नियोजन में ठोस-कचरा प्रबंधन, पुरानी डंपसाइट की बायो-माइनिंग, एसएंडडी व ई-कचरा निपटान, साथ ही नालियों के सुधार और यमुना फ्लड प्लेन की सुरक्षा पर चर्चा हुई। मंत्री ने तकनीकी रूप से ठोस दिखने वाली योजनाओं में सामुदायिक भागीदारी को बढ़ाने पर जोर दिया।



## विश्वविद्यालय के छात्रों को दिया जाएगा मेट्रो पास : मुख्यमंत्री

**नई दिल्ली।** प्रदेश सरकार दिल्ली विश्वविद्यालय के छात्रों के कल्याण के लिए हर संभव कार्य करेगी और जल्द ही दिल्ली मेट्रो पास को भी उपलब्ध करवाएगी। यह बातें दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कही। वह दिल्ली विश्वविद्यालय छात्रसंघ (डूसू) में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) के छात्रा सम्मान समारोह 'स्वयंसिद्धा' में कहा। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता, अभाविप की अखिल भारतीय छात्रा प्रमुख मन्नू शर्मा कटारिया, राष्ट्रीय मंत्री शिवांगी खरवाल, डूसू के उपाध्यक्ष भानु प्रताप सिंह एवं छात्रसंघ सचिव मित्रविंदा कर्णवाल ने दीप प्रज्वलन करके किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने खेल, अकादमिक समेत विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली 500 छात्राओं को प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। स्वयंसिद्धा कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि आज इस कार्यक्रम में उपस्थित होकर मुझे अपने कॉलेज के दिन याद आ गए, जहां मैंने एक सामान्य छात्र की तरह अपने जीवन की शुरुआत की थी और आज दिल्ली की मुख्यमंत्री तक पहुंची हूं। उन्होंने कहा कि जो कुछ सिखा इस विद्यार्थी परिषद की देन है। उन्होंने 'स्वयंसिद्धा' कार्यक्रम आयोजित करने के लिए अभाविप को बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह आंकड़े सिर्फ आंकड़े नहीं यह एक प्रेरणा है, जिससे हर एक छात्रा को प्रेरणा मिलेगी। अभाविप की राष्ट्रीय मंत्री शिवांगी खरवाल ने कहा कि वर्ष 2014 से शुरू हुई स्वयंसिद्धा की यह यात्रा एक विचार है, एक संकल्प है जो हमें बताती है कि छात्राएं किसी से कम नहीं, वो जो चाहें वो कर सकती है। उन्होंने कहा कि 'स्वयंसिद्धा' लाखों छात्राओं के लिए प्रेरणा का स्रोत है जो एक माध्यम बनता है नेतृत्व करने का। उन्होंने कहा कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद एकमात्र ऐसा छात्र संगठन है जो सिर्फ छात्राओं के हक की आवाज ही नहीं उठाता बल्कि उनको पूरा भी करवाता है। स्वयंसिद्धा से लेकर मिशन साहसी तक इसके उदाहरण है। दिल्ली विश्वविद्यालय छात्रसंघ की सचिव मित्रविंदा कर्णवाल ने कहा कि मुख्यमंत्री को दिल्ली विश्वविद्यालय के छात्रों के लिए यू स्पेशल बस शुरू करने एवं विश्वविद्यालय के छात्रों के लिए मेट्रो पास के सकारात्मक आश्वासन देने के लिए धन्यवाद देना चाहती हूं।




# पीएम मोदी की सफल चीन यात्रा उनके कूटनीतिक कौशल का प्रमाण - राजनाथ सिंह

● **'पीएम मोदी की कूटनीतिक पहल को कमजोरी नहीं, बल्कि रणनीतिक परिपक्वता बताया।'**

**एजेंसी**

**नई दिल्ली ।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने पीएम मोदी की चीन यात्रा को भारत की राजनयिक और रणनीतिक क्षमता का मजबूत उदाहरण बताया है। उन्होंने कहा कि यह दौरा भारत की वैश्विक स्थिति को नई मजबूती देने वाला कदम है।सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर राजनाथ सिंह ने लिखा, 'प्रधानमंत्री मोदी की सफल चीन यात्रा उनके कुशल कूटनीतिक नेतृत्व और भारत की भूराजनीतिक रणनीति को नया आकार देने की क्षमता का प्रमाण है। इस यात्रा से भारत का एससीओ (शंघाई सहयोग संगठन) से जुड़ाव और भी गहरा हुआ है। यह दौरा वैश्विक मंच पर भारत की स्थिति को और सुदृढ़ करेगा। मैं इस बेहद सफल यात्रा के लिए प्रधानमंत्री को बधाई देता हूं।'



प्रधानमंत्री मोदी ने यह दौरा जापान के दो दिवसीय आधिकारिक दौरे के बाद किया। चीन में उन्होंने शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) शिखर सम्मेलन में भाग लिया। इस मंच पर उनकी उपस्थिति को यूरेशिया क्षेत्र में भारत के प्रभाव को बढ़ाने और वैश्विक शक्तियों के साथ रणनीतिक संबंध मजबूत करने के रूप में देखा जा रहा है। एक कार्यक्रम में रक्षा मंत्री ने देश की विदेश नीति को लेकर भी बड़ा बयान दिया। उन्होंने कहा कि भारत 'आत्मनिर्भरता' के सिद्धांत पर चलते हुए अपने राष्ट्रीय हित को हमेशा प्राथमिकता देता रहेगा। उन्होंने दो टूक कहा, 'हमारे लिए कोई स्थायी मित्र या दुश्मन नहीं होते, केवल स्थायी हित होते हैं।' राजनाथ सिंह ने यह भी कहा कि विकसित देश अब सुरक्षात्मक व्यापार नीति की ओर झुक रहे हैं, जिससे वैश्विक व्यापार को नई चुनौतियां मिल रही हैं। प्रधानमंत्री मोदी की चीन यात्रा को लेकर कांग्रेस पार्टी ने सरकार पर निशाना साधते हुए कहा था कि चीन की 'आक्रामक हरकतों' के बावजूद प्रधानमंत्री 'मौन' हैं। इस पर अप्रत्यक्ष रूप से प्रतिक्रिया देते हुए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने साफ किया कि सरकार की नीति है संवाद से समाधान, लेकिन बिना राष्ट्रीय हित के साथ समझौता किए। उनका यह बयान विपक्ष की आलोचनाओं का सटीक जवाब माना जा रहा है, जिसमें उन्होंने पीएम मोदी की कूटनीतिक पहल को कमजोरी नहीं, बल्कि रणनीतिक परिपक्वता बताया।

## पं. धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री पहुंचे कृष्ण कृपा धाम, 200 से अधिक संतों और महंतों संग की बैठक

**एजेंसी**

**मथुरा।** बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पं. धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री दिल्ली से वृंदावन तक 10 दिवसीय और लगभग 170 किमी लंबी 'सनातन हिंदू एकता' पदयात्रा 7 नवंबर से निकालेंगे। इसको लेकर कृष्ण कृपा धाम में 200 से अधिक संतों और महंतों की बैठक हुई, जिसमें यात्रा की रूपरेखा, अनुशासन और धार्मिक मर्यादाओं पर चर्चा की गई। बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पं. धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री आगामी सात नवंबर से दिल्ली से वृंदावन तक एक विशाल 'सनातन हिंदू एकता' पदयात्रा निकालने जा रहे हैं। दस दिवसीय यह यात्रा लगभग 170 किलोमीटर लंबी होगी और 16 नवंबर को वृंदावन पहुंचकर संपन्न होगी। यात्रा से पहले वृंदावन के कृष्ण कृपा धाम में संत-समागम हुआ। इस बैठक में कथावाचक अनिरुद्धाचार्य महाराज, भाजपा सांसद मनोज तिवारी, और देशभर से आए 200 से अधिक संतों और महंतों ने भाग लिया। बैठक में यात्रा की रूपरेखा, अनुशासन और धार्मिक मर्यादाओं पर विशेष चर्चा की गई। धीरेंद्र शास्त्री ने कहा कि यह यात्रा पूरी शालीनता और सांस्कृतिक गरिमा के साथ निकाली जाएगी। धीरेंद्र शास्त्री ने कहा कि यह यात्रा सिर्फ धार्मिक नहीं, बल्कि एक वैचारिक आंदोलन भी है। उन्होंने कहा कि हमारा लक्ष्य है कि ब्रज क्षेत्र में मांस-मदिरा की बिक्री पर रोक लगे, यमुना शुद्ध हो, और धार्मिक स्थलों पर राष्ट्रगीत गूंजे। जब तक सभी सनातनी एकजुट नहीं होते, हमारा प्रयास जारी रहेगा उन्होंने यह भी कहा कि मंदिरों और मस्जिदों में राष्ट्रगीत का वादन यह दर्शाने के लिए होना चाहिए कि कौन इस मातृभूमि से प्रेम करता है और कौन नहीं। वहीं भाजपा सांसद मनोज तिवारी ने कहा कि वे इस यात्रा को इतना महत्व दे रहे हैं कि दिल्ली के अपने सभी कार्यक्रम रद्द कर वृंदावन पहुंचे हैं।



# हरियाणा में भारी बारिश, सीएम नायब सिंह सैनी ने डीसी संग की आपात बैठक

**एजेंसी**

**चंडीगढ़।** हरियाणा में लगातार हो रही मूसलधार बारिश और उससे उत्पन्न बाढ़ जैसे हालात को लेकर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने सभी जिला उपायुक्तों (डीसी) के साथ एक आपातकालीन समीक्षा बैठक की। इस बैठक में उन्होंने सभी प्रशासनिक अधिकारियों को सतर्क और सक्रिय रहने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि हर नागरिक की जान और पशुधन की सुरक्षा सर्वोपरि है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि बाढ़ और जलभराव प्रभावित क्षेत्रों में कोई लापरवाही न हो और ज़रूरतमंद लोगों तक हर संभव सहायता तुरंत पहुंचाई जाए। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि जिन जिलों में स्कूल बंद करने के आदेश जारी किए गए हैं, वहां पर विद्यालय पूरी तरह से बंद रहने चाहिए। प्रशासन को यह सुनिश्चित करना होगा कि छात्रों की सुरक्षा से कोई समझौता न हो। सीएम सैनी ने अधिकारियों से यह भी कहा कि पंजाब से जो भाई आपदा के दौरान हरियाणा की सीमा में आ रहे हैं, उनके लिए भी ज़रूरी राहत और सुरक्षा प्रबंध सुनिश्चित किए जाएं। उन्होंने इस संकट को साझा मानवीय जिम्मेदारी बताया। मुख्यमंत्री ने खाद्यान्न और हरे चारे के पर्याप्त भंडारण की आवश्यकता सुनिश्चित करने को कहा। सीएम सैनी ने निर्देश दिए कि शहरी और ग्रामीण आबादी क्षेत्रों में जलभराव न हो, इसके लिए जल निकासी और सफाई के इंतज़ाम मजबूत किए जाएं। सभी संबंधित विभागों को हमेशा अलर्ट मोड पर रहने का आदेश दिया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि एचडीआरएफ को पूरी तरह से अलर्ट पर रखा जाए। किसी भी प्रकार की सहायता की जरूरत पड़ने पर सभी विभागों को तत्परता से प्रतिक्रिया देनी होगी। सीएम ने चिकित्सीय अवसंरचना को भी मजबूत बनाए रखने को कहा। उन्होंने कहा कि पर्याप्त संख्या में पंपिंग सेट्स उपलब्ध रहनी चाहिए और सभी अस्पतालों को पूरी तैयारी के साथ इमरजेंसी के लिए तैयार रहना चाहिए।



# आठ साल बाद 2025 में सबसे कम रहा औसत एक्यूआई

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** दिल्ली-एनसीआर में रहने वालों के लिए थोड़ी राहत भरी खबर है। पिछले आठ सालों में इस साल जनवरी से अगस्त के बीच दिल्ली में औसत वायु गुणवत्ता सूचकांक(एक्यआई) सबसे कम रहा। जनवरी-अगस्त अवधि के दौरान दिल्ली का औसत एक्यूआई 172 दर्ज किया गया, जबकि इसी अवधि के दौरान यह क्रमशः 2024 में 187, 2023 में 174, 2022 में 194, 2021 में 192, 2020 में 147, 2019 में 199, 2018 में 203 था।

वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) ने विज्ञप्ति जारी कर बताया कि इस वर्ष अगस्त माह में 23 'अच्छे-संतोषजनक' दिन थे, जबकि 2018 में 19 दिन, 2019 में 22 दिन, 2020 में 31 दिन, 2021 में 11 दिन, 2022 में 18 दिन, 2023 में 08 दिन तथा 2024 में 29 दिन 'अच्छे-संतोषजनक' थे। अनुकूल मौसम संबंधी परिस्थितियों और विभिन्न हितधारकों के प्रयासों से, अगस्त महीने में दिल्ली का औसत एक्यूआई में भी पिछले कुछ वर्षों में सुधार देखा गया। अगस्त महीने का औसत एक्यूआई क्रमशः 2025 में 89, 2024 में 72, 2023 में 116, 2022 में 93, 2021 में 107, 2020 में 64, 2019 में 86 और 2018 में 111 दर्ज किया गया। 2025 में इस अवधि (जनवरी-अगस्त) में एक भी दिन ऐसा नहीं था जब औसत एक्यूआई 400 ('गंभीर' या 'गंभीर+' श्रेणी) से अधिक रहा हो। वर्ष 2018, 2019, 2020, 2021, 2022, 2023 और 2024 में क्रमशः 06, 07, 02, 06, 01, 03 और 03 ऐसे दिन थे। सीएक्यूएम ने बताया कि वायु प्रदूषण की रोकथाम, नियंत्रण और कमी के लिए प्रभावी उपाय करने तथा दिल्ली-एनसीआर में वायु गुणवत्ता में सुधार लाने के लिए विभिन्न संबंधित हितधारकों के साथ मिलकर काम कर रहा है। आने वाले दिनों में दिल्ली में वायु गुणवत्ता परिदृश्य में और सुधार लाने के लिए प्रयास तेज किए जाएंगे।



## चरतीलाल गोयल की 98वीं जयंती पर बेटे विजय गोयल एवं सांसद बिधूड़ी ने दी श्रद्धांजलि

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा के प्रथम अध्यक्ष स्व. चरतीलाल गोयल की 98वीं जयंती लालकिले के सामने उनकी स्मृति में बने चरतीलाल गोयल पार्क में मनाई गई। इस अवसर पर पूर्व केंद्रीय मंत्री विजय गोयल और दक्षिणी दिल्ली सांसद रामवीर सिंह बिधूड़ी ने आयोजित श्रद्धांजलि सभा में पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें याद किया। विजय गोयल ने अपने पिता चरतीलाल गोयल के योगदान को याद करते हुए कहा कि उन्होंने दिल्ली के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनका पार्टी कार्यालय चांदनी चौक में था और इस क्षेत्र का विकास उनका सपना था। दक्षिणी दिल्ली सांसद रामवीर सिंह बिधूड़ी ने बताया कि प्रथम विधानसभा के सदस्य के रूप में उन्हें चरतीलाल गोयल के सान्निध्य में काम करने का अवसर मिला। उन्होंने कहा कि गोयल ने दिल्ली विधानसभा में सार्थक और निष्पक्ष चर्चा की एक अनूठी परंपरा स्थापित की, जो आज भी प्रेरणादायी है। समारोह में पूर्व महापौर जयप्रकाश (जेपी) और चांदनी चौक भाजपा जिला अध्यक्ष अरविंद गर्ग सहित अन्य व्यक्ति उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि, 1975 में आपातकाल के दौरान उन्हें जेल भी जाना पड़ा था। यह आयोजन चरतीलाल गोयल के दिल्ली के प्रति समर्पण और उनकी विरासत को सम्मान देने का एक सार्थक प्रयास रहा।



# सूरत में टेक्सटाइल मिल में बॉयलर फटने से भीषण आग, 2 की मौत

**15 से अधिक मजदूर झुलसे**

**एजेंसी**

**सूरत।** सूरत जिले के पलसाणा में सोमवार शाम बड़ा हादसा हो गया। संतोष टेक्सटाइल मिल में काम के दौरान अचानक बॉयलर का ड्रम फटने से भीषण आग लग गई। इस हादसे में 2 मजदूरों की मौत हो गई, जबकि 15 से अधिक श्रमिक गंभीर रूप से झुलस गए हैं। घटना की जानकारी मिलते ही बारडोली फायर विभाग की 8 से 10 दमकल गाड़ियां तुरंत घटनास्थल पर पहुंचीं और आग पर काबू पाने की कार्रवाई शुरू की। घायलों को तुरंत नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मिल में आग लगते ही अफरा-तफरी मच गई। पुलिस और स्थानीय लोगों ने मिल में फंसे मजदूरों को बाहर निकालने का अभियान शुरू किया। फिलहाल पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।



# सोनल मानसिंह की 'द जिगजैग माइंड' का संशोधित संस्करण लॉन्च, रामनाथ कोविंद ने की प्रशंसा

**एजेंसी**

**नई दिल्ली ।** देश के पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने प्रख्यात नृत्यांगना और लेखिका सोनल मानसिंह की पुस्तक द जिगजैग माइंड के संशोधित संस्करण के विमोचन अवसर पर कहा कि सफलता का रास्ता कभी सीधा नहीं होता। इसके लिए जिगजैग संघर्ष करना पड़ता है, जिसमें कभी दाएं, कभी बाएं, कभी ऊपर, तो कभी नीचे जाना होता है। नई दिल्ली के इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र (आईजीएनसीए) में आयोजित इस कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबले और आईजीएनसीए के सचितानंद जोशी भी उपस्थित थे।

कोविंद ने कहा कि यह पुस्तक न केवल सोनल मानसिंह की कला साधना का प्रतीक है, बल्कि उनकी जीवन यात्रा और संघर्ष की कहानी भी बयां करती है। उन्होंने कहा कि इस पुस्तक का पहला संस्करण 2022 में लॉन्च हुआ था, जिसे खूब सराहना मिली थी। कोविंद ने कामना की कि संशोधित संस्करण को इससे भी अधिक सफलता मिले। पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने सोनल मानसिंह के साथ अपने पुराने संबंधों को याद करते हुए कहा कि जब वे राष्ट्रपति थे, तब उन्होंने सोनल मानसिंह को राज्यसभा सांसद के लिए मनोनीत किया था। उनकी प्रोफाइल देखकर वे आश्चर्यचकित हुए थे कि ऐसी साधना करने वाली शख्सियतें आज भी देश में मौजूद हैं।




कोविंद ने कहा कि सोनल मानसिंह ने उनसे आग्रह किया था कि उनकी योग्यता और साधना को उनकी प्रोफाइल के माध्यम से जाना जाए। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबले ने सोनल मानसिंह की बहुमुखी प्रतिभा की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि सोनल मानसिंह एक नृत्यांगना के रूप में जानी जाती हैं, लेकिन उनकी विद्वता इतनी गहन है कि वे किसी भी विश्वविद्यालय में प्रोफेसर बन सकती हैं। होसबले ने कहा कि भारत की सांस्कृतिक विरासत सोनल जैसे व्यक्तियों के हाथों में सुरक्षित है। वे न केवल महाभारत और भारतीय संस्कृति के विभिन्न पहलुओं की गहरी जानकार हैं, बल्कि कन्नड़, मराठी सहित कई भाषाओं में भी पारंगत हैं। उनकी पुस्तक में ज्ञान और अनुभव का अनूठा संगम है, जो पाठकों को भारतीय संस्कृति की गहराई से परिचित कराता है। होसबले ने कहा कि सोनल मानसिंह अपनी कला और लेखन के माध्यम से भारतीय संस्कृति को जीवंत रूप में प्रस्तुत करती हैं। उनकी पुस्तक के विभिन्न अध्याय भारतीय संस्कृति, कला और जीवन दर्शन के गहन पहलुओं को उजागर करते हैं। यह पुस्तक पाठकों को न केवल प्रेरित करती है, बल्कि भारतीय सांस्कृतिक मूल्यों को समझने का एक नया दृष्टिकोण भी प्रदान करती है।

# कैथल में 7 सितंबर को होगी जननायक जनता पार्टी की बड़ी जनसभा

## राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अजय सिंह चौटाला, पूर्व उप-मुख्यमंत्री दुष्यंत सिंह चौटाला और प्रदेश अध्यक्ष बृज शर्मा करेंगे शिरकत



**कैथल (कृष्ण प्रजापति):** जननायक जनता पार्टी की जिला कार्यकारिणी की बैठक पार्टी कार्यालय में जिला अध्यक्ष अवतार सिंह चीका की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक का मुख्य एजेंडा आगामी 7 सितंबर को कैथल में आयोजित होने वाली जनसभा की तैयारियों को लेकर रहा, जिसमें राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अजय सिंह चौटाला, पूर्व उपमुख्यमंत्री दुष्यंत सिंह चौटाला और प्रदेश अध्यक्ष बृज शर्मा शिरकत करेंगे। बैठक में जिला अध्यक्ष अवतार सिंह चीका ने कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि कार्यकर्ता ही पार्टी की रीढ़ हैं और उनकी सक्रियता ही संगठन की मजबूती का आधार है। उन्होंने बताया कि 7 सितंबर को सुबह 11 बजे आर.के.एम. पैलेस, कैथल में आयोजित जनसभा में प्रदेश के कोने-कोने से लोग पहुंचेंगे।

उन्होंने कार्यकताओं से अपील करते हुए कहा कि वे घर-घर जाकर कार्यक्रम का प्रचार करें और ज्यादा से ज्यादा संख्या में लोगों को जनसभा तक पहुंचाएं ताकि पार्टी नेतृत्व के हाथ मजबूत हों। इस दौरान पार्टी के सदस्यता अभियान और संगठन विस्तार पर भी चर्चा की गई। साथ ही आने वाले कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी हल्का अध्यक्षों और प्रदेश कार्यकारिणी पदाधिकारियों को विशेष जिम्मेदारियां सौंपी गईं। बैठक में मौजूद सभी पदाधिकारियों और कार्यकताओं ने आश्वासन दिया कि वे इस कार्यक्रम को ऐतिहासिक बनाने के लिए दिन-रात मेहनत करेंगे। इस अवसर पर चंद्रभान दयोरा, बलवान कोटड़ा, सेवा सिंह बालू, सतबीर मलिक, विक्रम म्योली, हरपाल सिंह विर्क, अनिल चौधरी, विजय सैनी, जगदीश दुब्बल, राममेहर प्योदा, सूबे सिंह कुराड़, राजेश राणा, रमेश संगरौली, कपिल शर्मा, जसबीर गढ़ी, रतन सिंह चंदाना, प्रदीप बनवाला, गुरुदेव बलबेड़ा, शिल्लू रिवाड़, सुरेंद्र वाल्मीकि, ओमपाल ढांडा कौल, प्रदीप कादियान, कुलदीप शर्मा सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

7 सितंबर की यह जनसभा जेजेपी के लिए आगामी राजनीतिक गतिविधियों की दिशा तय करने में अहम मानी जा रही है।

## गलत मैटेरियल लगाने पर आक्रोशित ग्रामीणों ने विरोध किया

**पातेपुर** प्रखंड क्षेत्र के मुख्यमंत्री ग्रामीण पथ अनुरक्षण कार्यक्रम से बने सड़क के बनने के एक सप्ताह के अंदर ही उखड़ने लगे गिट्टी बालू। पातेपुर विधायक लखेंद्र पासवान ने किया था शिलान्यास। एक सप्ताह के अंदर बने ग्रामीण सड़क की स्थिति खराब होने पर नाराज ग्रामीण। संवेदक, इंजीनियर एवं अन्य पर घटिया मैटेरियल लगाने का आरोप लगाया है। मिली जानकारी अनुसार पातेपुर प्रखंड क्षेत्र के मालपुर में ग्रामीण कार्य विभाग द्वारा बनाए गए लगभग दो किलोमीटर लंबी पी सी सी सड़क में घटिया मैटेरियल लगाने पर ग्रामीणों ने आक्रोश व्यक्त किया है। ग्रामीणों ने कहा कि विगत 20अगस्त से सड़क निर्माण कार्य शुरू हो गया। रॉ मैटेरियल में गड़बड़ी पाने पर कुछ ग्रामीणों ने विरोध जताया है। आक्रोशित ग्रामीणों ने बताया कि एक सप्ताह पूर्व विधायक लखेंद्र पासवान के शिलान्यास के कुछ दिनों बाद बनाना शुरू हो गया। पी सी सी सड़क निर्माण कार्य में संवेदक द्वारा गलत मैटेरियल लगाने पर आक्रोशित ग्रामीणों ने विरोध किया। तेज बारिश में सड़क का निर्माण नहीं करें। बाद में स्थानीय ग्रामीणों को ही परेशानियां होती है।लेकिन मौके पर पहुंचे विभाग के अधिकारी और कर्मचारी ने आकर आक्रोशित लोगों को शांत कर अच्छा काम का आश्वासन देने के बाद बना कर चल गए। सड़क के निर्माण के एक सप्ताह नहीं हुआ। सड़क के निर्माण में लगे बालू पत्थर अलग होना चालू हो गया है। सड़क निर्माण में भारी अनियमितता को उच्च स्तरीय अधिकारी से जांच कराने की मांग किया है। इस मौके पर रमाकांत तिवारी सत्यनारायण तिवारी सतनारायण सिंह विजय कुमार सिंह धर्मनाथ सिंह सुनील कुमार तिवारी संतोष तिवारी पमपम तिवारी पंकज तिवारी अरुण तिवारी ललित ललित तिवारी अमरेश तिवारी राजबली तिवारी अशोक तिवारी विभिन्न तिवारी नवीन तिवारी अशोक तिवारी ग्रामीण मौजूद थे।

## तेजा दशमी पर उमड़ा आस्था का सैलाब, बाकरा में झंडी यात्रा और तेजा गायन के साथ भरा गया मेला

सुरज वर्मा



**भीलवाड़ा** जिले के शाहपुरा, फुलिया कलां, बासेडा, शक्करगढ़ में तेजा दशमी के पावन अवसर पर बाकरा सहित आस पास के गावो में मंगलवार को तेजाजी के थानकों पर सुबह से ही श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा भक्तों ने पूजा-अर्चना की, मन्नतें मांगी और तेजाजी के जयकारों से वातावरण गुंजायमान हो गया गांव में पारंपरिक तेजा गायन हुआ और श्रद्धालुओं ने मिलकर झंडी यात्रा निकाली। इस अवसर पर बारह खेड़ा सहित आस-पास के गांवों के भक्त बड़ी संख्या में शामिल हुए। बाकरा और नजदीकी गांवों से भी श्रद्धालु पहुंचे और मेले का आनंद लिया।स्थानीय युवाओं ने व्यवस्था संभाली और दिनभर भजन-कीर्तन में सहयोग दिया। अच्छी बारिश होने के बाद ग्रामीणों में उत्साह देखने को मिला।इस मौके पर डसिया काटने की रस्म भी निभाई गई।

उप सरपंच सत्यनारायण शर्मा ने बताया कि यह परंपरा वर्षों से चली आ रही है और यह पर्व ग्रामीणों में लोक देवता के प्रतिआस्था व सामाजिक एकता का प्रतीक है

## माँ के अपमान पर जयपुर भाजपा ग्योंग की सरपंच मंजीत कौर निलंबित, अवैध कब्जों और अनियमितताओं पर गिरी गाजने भारी हुंकार

**कैथल (कृष्ण प्रजापति):** गांव ग्योंग की महिला सरपंच मंजीत कौर पर प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई करते हुए उन्हें पद से तुरंत प्रभाव से निलंबित कर दिया है। उपायुक्त ने यह कदम पंचायत भूमि की बोली न करवाने, अवैध कब्जों और कार्यप्रणाली में अनियमितताओं के आरोपों की पुष्टि के बाद उठाया।

**शिकायत और जांच**

शिकायत में आरोप लगाया गया था कि सरपंच ने चुनावी शपथ पत्र में यह जानकारी दी थी कि उनके पास पंचायत भूमि पर कोई कब्जा नहीं है लेकिन जांच में खुलासा हुआ कि उनके परिवार द्वारा पंचायत की जमीन पर कब्जा किया गया है और अवैध निर्माण भी करवाया गया है। इतना ही नहीं, बिजली विभाग के



बकाया न भरने, गलत पते व मतदाता सूची में गड़बड़ी जैसे मामले भी सामने आए।

जिला उपायुक्त कार्यालय को मिली शिकायत पर अतिरिक्त उपायुक्त कैथल ने जांच की। रिपोर्ट में आरोप सही पाए जाने और निजी सुनवाई के दौरान संतोषजनक जवाब न मिलने पर हरियाणा पंचायती राज अधिनियम, 1994 की धारा 51(1) के तहत मंजीत कौर को पद से हटा दिया गया। आदेश में स्पष्ट किया गया कि वे अब किसी भी पंचायत बैठक या कार्यवाही में हिस्सा नहीं ले सकतीं और सभी दस्तावेज व संपत्ति तुरंत पंचायत सचिव को सौंपें।

दो सदस्यीय कमेटी गठित, एक सप्ताह में पेश करेगी रिपोर्ट

उपायुक्त ने मामले की गहन जांच के लिए जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी और जिला राजस्व अधिकारी की दो सदस्यीय कमेटी गठित की है, जो एक सप्ताह में रिपोर्ट पेश करेगी। पंचायत के कामकाज में बाधा न आए, इसके लिए बहुमत वाले पंच को अस्थायी तौर पर सरपंच के अधिकार दिए गए हैं।

**जांच के दौरान नहीं किया सहयोग : डीडीपीओ**

जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी रितु लाठर ने कहा कि सरपंच के खिलाफ अवैध कब्जे सहित कई अनियमितताओं की शिकायतें थीं। जांच के दौरान उन्होंने सहयोग नहीं किया। इसी कारण निलंबन की कार्रवाई की गई है।

**अभी तक कोई आधिकारिक जानकारी नहीं मिली : मंजीत कौर**

वहीं, सरपंच मंजीत कौर ने इन आरोपों से इंकार किया। उन्होंने कहा कि उन्हें इस बारे में अभी तक कोई आधिकारिक जानकारी नहीं मिली है और न ही ग्राम सचिव या बीडीपीओ की ओर से सूचना दी गई है।

## जीविका दीदीयों एवं विधायक लखेंदर पासवान के साथ ही बीडीओ एवं भाजपा के नेताओं एवं कार्यकताओं ने सुना

**देश का दर्पण न्यूज (बिहार वैशाली) पातेपुर संवाददाता रंजीत कुमार**

बिहार राज्य जीविका निधि साख सहकारी संघ का प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के द्वारा शुभारंभ किए जाने के बाद प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का लाइव प्रसारण पातेपुर प्रखंड मुख्यालय परिसर में जीविका दीदीयों एवं विधायक लखेंदर पासवान के साथ ही बीडीओ एवं भाजपा के नेताओं एवं कार्यकताओं ने सुना। लाइव प्रसारण के समापन के बाद विधायक लखेंदर पासवान ने उपस्थित जीविका दीदीयों एवं को सम्बोधित करते हुए कहा कि आज का दिन बिहार की माताओं, बहनों के लिए एक नए युग की शुरूआत है।अब जीविका से जुड़ी बहनों को गांव गांव में आसानी से आर्थिक सहयोग मिलेगा इससे वह अपने कार्य एवं व्यवसाय को और आगे बढ़ाकर आत्मनिर्भर हो सकेंगी। विधायक ने प्रत्येक परिवार के एक महिला को सरकार के द्वारा दिए जाने वाले दस हजार रुपए का आवेदन करने का आह्वान किया एवं बिचौलिए से दुर रहने का आह्वान करते हुए कहा कि लाभुकों के खाते में दस हजार की राशि जाएगी इसमें अगर कोई बिचौलिया पैसा की मांग करें तो उसकी शिकायत वह उनसे करें।

इस अवसर पर बीडीओ दीपक कुमार सिंह, भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष सह बीस सूत्री अध्यक्ष सुनील कुशवाहा, पप्पु कुशवाहा, मुन्नी पटेल, कुन्दन सिंहा, अभिषेक गुप्ता, राजु शर्मा आदि के साथ ही भारी संख्या में जीविका दीदी उपस्थित रहीं ।

## कैथल में शुरू हुआ गांव-गांव स्वच्छता महाअभियान, बीडीपीओ अनु टांक ने दिए सख्त निर्देश

**कैथल (कृष्ण प्रजापति):** स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत जिले में स्वच्छता को लेकर विशेष कदम उठाए गए हैं। इसी क्रम में खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी (बीडीपीओ) कैथल अनु टांक ने सभी ग्राम सचिवों और सरपंचों को गांव-गांव में स्वच्छता अभियान को प्रभावी ढंग से शुरू करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि सभी गांवों में सफाई व्यवस्था को और मजबूत करने के लिए एक विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत सभी ग्राम सचिव और सरपंच सक्रिय रूप से सफाई कार्य करवा रहे हैं तथा इसकी जीपीएस लोकेशन



सहित फोटो और रिपोर्ट प्रतिदिन बीडीपीओ कार्यालय कैथल में भेजनी सुनिश्चित है।

बीडीपीओ अनु टांक ने साफ किया कि स्वच्छता कार्य की निगरानी और मॉनिटरिंग के लिए अलग-अलग गांवों में नोडल अधिकारियों की नियुक्ति की गई है। उन्होंने कहा कि किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और अभियान की प्रगति की नियमित समीक्षा की जाएगी।

जारी सूची के अनुसार, जिले की 62 ग्राम पंचायतों में जिम्मेदारियां तय कर दी गई हैं। प्रत्येक गांव के लिए एक-एक ग्राम सचिव और नोडल अधिकारी को नियुक्त किया गया है ताकि अभियान का संचालन सुचारू रूप से हो सके। अनु टांक ने अपने संदेश में कहा कि स्वच्छता केवल एक सरकारी कार्यक्रम नहीं, बल्कि यह हमारी जीवनशैली का हिस्सा होना चाहिए। गांव-गांव स्वच्छता सुनिश्चित करना हमारी प्राथमिक जिम्मेदारी है। सभी अधिकारी, कर्मचारी और पंचायत प्रतिनिधि जिम्मेदारी और लगन के साथ इस कार्य को अंजाम दें ताकि कैथल जिले को स्वच्छ और स्वस्थ बनाया जा सके।

## 10 लीटर देसी शराब के साथ एक गिरफ्तार

**देश का दर्पण न्यूज (बिहार वैशाली) पातेपुर संवाददाता रंजीत कुमार**

**पातेपुर ।** बलिगांव थाने के बेला संधान गांव से छापामारी कर पुलिस ने घर के अंदर देसी शराब बना रहे युवक को पुलिस ने मौके से गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार किए गए युवक उक्त गांव का जवाहर चौधरी के पुत्र मिथलेश कुमार के रूप में पहचान की गई है।गिरफ्त युवक के घर से 10 लीटर देसी शराब बरामद हुए।इसके साथ देसी शराब बनाने के उपकरण भी पुलिस जप्त कर थाने ले गई है।पुलिस ने पकड़े गए युवक को न्यायिक हिरासत में हाजीपुर ले गई।

## जन सुराज ने की प्रखंड स्तरीय बैठक

**देश का दर्पण न्यूज (बिहार वैशाली) पातेपुर संवाददाता रंजीत कुमार**

जन सुराज पार्टी की प्रखंड स्तरीय बैठक का आयोजन किया गया। इस मौके पर सर्व सम्मति से प्रखंड अध्यक्ष मो अहसान अली महिला अध्यक्ष अनामिका देवी एवं युवा अध्यक्ष प्रभास कुमार आदि घोषित किया गया। इस मौके पर मुख्य रूप से अमर कुमार सिंह जिला अध्यक्ष संजू देवी जिला महिला अध्यक्ष, विनय कुमार झा जिला उपाध्यक्ष, राजदेव ठाकुर, राज्य कोट कमिटी सदस्य अरविंद राय जिला महा सचिव, वैद्यनाथ चौधरी, जिला अभियान समिति संयोजक इंद्र भूषण सिंह चुनाव प्रवेक्षक, इंद्रजीत प्रधान अनुमंडल अध्यक्ष , लालदेव कुशवाहा जिला चुनाव प्रभारी, राकेश रंजन बुद्धिजीवी जिला अध्यक्ष , रमेश कुमार जिला सचिव, डॉ शेखर यादव प्रखंड महासचिव, मो निजाम, रेयाज अहमद, संतोष झा, आदि मौजूद थें।

## बालाजी गौवंश हेल्पलाइन टीम ने की पैदल यात्रियों की सेवा



सुरज वर्मा

**कोटड़ी** में भादवा माह में पैदल यात्रियों की सुविधा के लिए बालाजी गौवंश हेल्पलाइन टीम द्वारा कोटड़ी चारभुजा नाथ जी जलझूनी ग्यारस के पावन पर्व जल सेवा और केले का वितरण किया गया। इस दौरान टीम ने राहगीरों और श्रद्धालुओं को ठंडा पानी पिलाया तथा श्रद्धालुओं को ऊर्जा बनाए रखने के लिए केले, बिस्किट और सेगारी नमकीन वितरित किए।

भीलवाड़ा जिलाअध्यक्ष अभिषेक सिंह जी ने बताया कि यह आयोजन पिछले वर्ष भी किया गया था जिसमें वक्फ बोर्ड हटाओ अभियान भी जोर शोर से चल था और आगे भी हर वर्ष जारी रहेगा। उनका उद्देश्य यह है कि तपती धूप और थकान से जूझ रहे यात्रियों को राहत और धर्म हित के प्रति जागरूकता मिल सके।

बालाजी गौवंश हेल्पलाइन न केवल धार्मिक आयोजनों में सेवा करती है, बल्कि सालभर अनाथ और बीमार गौवंश की देखभाल, उपचार और चारे की व्यवस्था जैसे कार्य भी करती है। टीम समय-समय पर ग्रामीण इलाकों में जागरूकता अभियान और गौ-सेवा संबंधी कार्यक्रम आयोजित करती रहती है। इस अवसर पर ग्रामीणों और यात्रियों ने हेल्पलाइन टीम के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार की सेवाएं समाज में सहयोग और मानवीय संवेदनाओं को बढ़ावा देती हैं।

जिलाअध्यक्ष अभिषेक सिंह जी, नगर अध्यक्ष अजीत सिंह, शाहपुरा जिलाअध्यक्ष राजेश जी, पंकज जी सेन, किशन जी सेन, मनोज जी सेन, सुनील जी सेन, राजू जी वैष्णव, प्रकाश जी कुम्हार, भजन कलाकार बबलू जी प्रजापत, केसरी जी गुर्जर आदि गोभक्त मौजूद रहे

## भाजपा की नीतियों को जन-जन तक पहुंचा रहें हैं अतुल चौहान

**कमालगंज वा**र्ड न0 4 से जिला पंचायत सदस्य पद के भाजपा से संभावित भावी उम्मीदवार अतुल चौहान को निरन्तर क्षेत्र के बुजुर्गों और युवाओं का आशीर्वाद और प्यार मिल रहा है ।प्रतिदिन लगातार क्षेत्रीय देव तुल्य जनता जनार्दन से संवाद के साथ हर दिन हर घड़ी जनता जनार्दन के साथ बिता रहें अतुल चौहान को अब क्षेत्रीय जनता अपनी दिल की बात , उम्मीदें और अपेक्षाएं, आवश्यकताएं बता रही है। निरन्तर सम्पर्क में रहने से युवाओं के साथ ही अब बुजुर्गो पर अपनी पकड़ मजबूत करके बुजुर्गों की भी पहली पसंद बन गए हैं भाजपा नेता अतुल चौहान। अतुल चौहान जिस गांव मजरे में जाते हैं वहां के युवा और बुजुर्ग तथा माताएं और बहने बच्चे उनका खुलकर स्वागत कर रहे हैं क्षेत्रवासी उनकी एक झलक पाने को उतावले नजर आ रहे हैं। दिन प्रतिदिन क्षेत्रीय जनता अतुल चौहान के साथ मजबूती से जुड़ रही है।जिला पंचायत फरुर्खाबाद की सबसे बड़ी इस सीट से लगभग एक दर्जन भावी उम्मीदवार हैं लेकिन क्षेत्रीय जनता के दिलों में अतुल चौहान हैं। शेष संभावित प्रत्याशी आरक्षण और अपनी - अपनी पार्टी से समर्थन पत्र पाकर जनता के बीच आएगें ।

श्री चौहान ने हमारे संवाददाता के साथ हुई बातचीत में कहा कि किसी भी सफलता के लिए माताओं - बहनों, वुजुर्गों और व्राह्मण जनों के साथ समाज के सभी वर्गों का आशीर्वाद और सहयोग अनिवार्य है।

## शाहपुरा थाने में पुलिस उपाधीक्षक ओम प्रकाश विश्नोई के नेतृत्व में त्यौहारों को लेकर शांति समिति की बैठक



सुरज वर्मा

शाहपुरा 2सितंबर 2025। जल जुलनी एकादशी, ईद- ए झ मिलाद एवं अन्य त्यौहारों को लेकर मंगलवार को शाहपुरा थाने में पुलिस उपाधीक्षक ओम प्रकाश विश्नोई, थानाधिकारी सुरेश चंद्र एवं शांति समिति के सदस्यों की उपस्थिति में शांति समिति की बैठक हुई।

बैठक में बुधवार को नगर के विभिन्न मंदिरों से भगवान के बेवान पिवनिया तालाब पर जल विहार करने जायेंगे, वहीं 5 सितंबर शुक्रवार को बारावफात पर नई आबादी से जलसा निकला जाएगा। सदस्यों के सुझाव लेने के बाद सर्किल अधिकारी विश्नोई ने समिति के उपस्थित सदस्यों से आगामी त्यौहारों की रूपरेखा व्यवस्थाओं, कार्यक्रमों के समय आदि सभी जानकारी साझा करते हुए सदस्यों एवं नगरवासियों से त्यौहार को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण तरीके से और भाईचारे के साथ मनाने, जुलूसों, आयोजनों के दौरान प्रशासन और पुलिस का सहयोग करने, किसी भी अफवाह या विवाद से बचने और आपसी सहयोग से इन पवित्र अवसरों को यादगार बनाने की अपील की। किसी भी तरह की अफवाह या भड़काऊ गतिविधियों से बचने की भी सलाह दी। इस मौके पर शांति समिति के सदस्य उपस्थित थे।

## आरआर केबल प्रेजेंट्स बेटी प्रीमियर लीग की हुई ट्रॉफी लॉन्चिंग

**जयपुर।** बेटियों को क्रिकेट खेल में बढ़ावा देने और 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' के सशक्त संदेश को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से राइसा इवेंट द्वारा आयोजित 'आरआर केबल प्रेजेंट्स बेटी प्रीमियर लीग' की ट्रॉफी लॉन्चिंग मंगलवार को धूलेश्वर गार्डन स्थित होटल श्री रेजिडेंसी में हुई। राइसा इवेंट्स के डायरेक्टर रमेश सारडा, अमित बोकाडिया और आरआर केबल के जनरल मैनेजर अजय कुमार ने ट्रॉफी का अनावरण किया। यह पहल बेटियों को सशक्त बनाने और उन्हें खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए एक मंच प्रदान करने के लिए की गई है। इस अवसर पर बॉम्बे हॉस्पिटल के मैनेजर अभिषेक चौधरी, नेपच्यून हॉलिडे से पंकज बागड़ी, लाल कांदा से अंकुर शर्मा, विशाल बोकाडिया, मनीष गोदिका, मनोज शर्मा श्री रेजिडेंसी, क्रिकेट कोच एस.एस. भाटी, एन.आर. गोरा, रफीक जोया, भिंडा रियल एस्टेट के डायरेक्टर नंदकिशोर भिंडा व निरुपमा भिंडा मौजूद थे। आठों टीम के कैप्टन ने बेटी प्रीमियर लीग की जर्सी भी लॉन्च की कार्यक्रम आयोजक रमेश सारडा और अमित बोकाडिया ने बताया कि यह लीग 13 और 14 सितंबर 2025 को जयपुरिया क्रिकेट ग्राउंड में आयोजित होगी।

## तेजा दशमी पर सोडाला में निकली विशाल ध्वज यात्रा

**जयपुर**

लोक देवता वीर शिरोमणि तेजाजी महाराज का बलिदान दिवस भाद्रपद शुक्ल दशमी मंगलवार को तेजा दशमी के रूप में भक्तिभाव से मनाया गया। इस अवसर पर सोडाला के रामनगर विस्तार स्थित गुरुदास रोड से गाजे-बाजे और जयकारों के साथ चतुर्थ ध्वज यात्रा निकाली गई, जो मुख्य सोडाला स्थित श्री तेजाजी मंदिर तक पहुंची संतों-महंतों के सान्निध्य में निकली इस ध्वज यात्रा में सर्व समाज के लोगों ने



भागीदारी कर सामाजिक समरसता और एकता का संदेश दिया ध्वज यात्रा के संयोजक गौरव गुर्जर ने बताया कि यात्रा का शुभारंभ ध्वज पूजन के साथ हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि वित्त आयोग के अध्यक्ष एवं पूर्व केबिनेट मंत्री डॉ. अरुण चतुर्वेदी तथा विशिष्ट अतिथि राजस्थान गुर्जर महासभा के प्रदेशाध्यक्ष कालू लाल गुर्जर, हवामहल विधायक स्वामी बालमुकुंदाचार्य, श्री सिद्धेश्वर हनुमान मंदिर (रामनगर, सोडाला) के महंत अवधेशदास महाराज, भाजपा जयपुर जिला अध्यक्ष अमित गोयल एवं भाजयुमो प्रदेशाध्यक्ष अंकित चेची उपस्थित रहे संयोजक गौरव गुर्जर ने सभी अतिथियों का सम्मान कर आभार व्यक्त किया यात्रा के दौरान वीर तेजाजी महाराज के जयकारों से वातावरण गुंजायमान हो उठा। जगह-जगह पुष्पवर्षा कर ध्वज यात्रा का स्वागत किया गया।

## प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का लाइव प्रसारण

**देश का दर्पण न्यूज (बिहार वैशाली) पातेपुर संवाददाता रंजीत कुमार**

बिहार राज्य जीविका निधि साख सहकारी संघ का प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के द्वारा शुभारंभ किए जाने के बाद प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का लाइव प्रसारण पातेपुर प्रखंड मुख्यालय परिसर में जीविका दीदीयों एवं विधायक लखेंदर पासवान के साथ ही बीडीओ एवं भाजपा के नेताओं एवं कार्यकताओं ने सुना। लाइव प्रसारण के समापन के बाद विधायक लखेंदर पासवान ने उपस्थित जीविका दीदीयों एवं को सम्बोधित करते हुए कहा कि आज का दिन बिहार की माताओं, बहनों के लिए एक नए युग की शुरूआत है।अब जीविका से जुड़ी बहनों को गांव गांव में आसानी से आर्थिक सहयोग मिलेगा इससे वह अपने कार्य एवं व्यवसाय को और आगे बढ़ाकर आत्मनिर्भर हो सकेंगी। विधायक ने प्रत्येक परिवार के एक महिला को सरकार के द्वारा दिए जाने वाले दस हजार रुपए का आवेदन करने का आह्वान किया एवं बिचौलिए से दुर रहने का आह्वान करते हुए कहा कि लाभुकों के खाते में दस हजार की राशि जाएगी इसमें अगर कोई बिचौलिया पैसा की मांग करें तो उसकी शिकायत वह उनसे करें।

इस अवसर पर बीडीओ दीपक कुमार सिंह, भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष सह बीस सूत्री अध्यक्ष सुनील कुशवाहा, पप्पु कुशवाहा, मुन्नी पटेल, कुन्दन सिंहा, अभिषेक गुप्ता, राजु शर्मा आदि के साथ ही भारी संख्या में जीविका दीदी उपस्थित रहीं ।

# मुख्यमंत्री ने ली राजस्व एवं उपनिवेशन विभाग की समीक्षा बैठक



**जयपुर, 2 सितंबर।** मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार गुड गवर्नेन्स के मानकों पर खरा उतरते हुए आमजन के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि बजट घोषणाओं को धरातल पर उतारने के लिए अधिकारी उनकी नियमित मॉनिटरिंग करें। साथ ही, संबंधित विभागों से समन्वय कर भूमि आवंटन, डीपीआर, टेंडर प्रक्रिया को जल्द पूरा किया जाए, जिससे विकास कार्यों का लाभ लोगों को समय पर मिल सके। श्री शर्मा मंगलवार को मुख्यमंत्री कार्यालय में राजस्व एवं उपनिवेशन विभाग की समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राजस्व विभाग, तकनीक एवं प्रौद्योगिकी के माध्यम से काश्तकारों को सुविधाएं उपलब्ध कराने में नवाचार कर रहा है। इसी क्रम में किसानों को स्वयं फसल गिरदावरी की सुविधा उपलब्ध करवाने के लिए एग्रीस्टेक मोबाईल ऐप विकसित किया गया है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि अधिक से अधिक किसानों को जोड़ने के लिए इस ऐप का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए।

**गांव चलो अभियान से ग्रामीणों तक सुलभ होंगी सरकारी सेवाएं**

श्री शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा 18 सितम्बर से प्रदेशभर में सप्ताह में तीन दिन ह्यगांव चलो अभियानह्न संचालित किया जाएगा, जिसमें ग्रामीणों तक सरकारी सेवाओं की सुलभ पहुंच सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि इस अभियान के तहत ग्रामीणों के सीमाज्ञान, सहमति विभाजन, नामांतरण आदि लंबित प्रकरणों को निस्तारित किया जाए। यह सुनिश्चित किया जाए कि कोई भी व्यक्ति अभियान के लाभों से वंचित ना रहे।

**पुराने भवनों की मरम्मत करें, गुणवत्ता का रखें ध्यान**

मुख्यमंत्री ने कहा कि अधिकारी गत दो वर्ष के बजट में घोषित भवन निर्माण के कार्यों को प्राथमिकता देते हुए तय समय में पूरा करें। साथ ही नियमित निगरानी कर इनकी गुणवत्ता पर भी ध्यान रखा जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि पुराने भवनों का भी आवश्यकतानुसार पुनर्निर्माण एवं मरम्मत की जाए, ताकि सरकारी संसाधनों का अधिकतम उपयोग हो सके। श्री शर्मा ने कहा कि जैसलमेर जिले के सामान्य आवंटन के लंबित आवेदनपत्रों के निस्तारण के लिए योजना बनाई जाए, साथ ही 15 दिन का अभियान चलाकर लंबित प्रकरणों को निस्तारित किया जाए। उन्होंने विभाग की कार्यप्रणाली को और बेहतर बनाने के लिए वर्तमान नियमों में यथासंभव संशोधन कर नियमों के सरलीकरण के निर्देश भी दिए।

बैठक में अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को बताया कि फार्मर रजिस्ट्री योजना के माध्यम से किसानों के आधार नम्बर को राजस्व रिकॉर्ड के साथ मेपिंग का कार्य समस्त जिलों में प्रारम्भ कर दिया गया है। अब तक 87 प्रतिशत किसानों की फार्मर आईडी जनरेट की जा चुकी है। अधिकारियों ने बताया कि वर्तमान में राज्य के 48 हजार 463 गांवों की जिओ रेफरेंस शीट फाइल भू-नक्शा पोर्टल पर अपलोड कर 4.49 करोड़ यूनिक लैंड पार्सल आइडेंटिफिकेशन नम्बर

जारी किए जा चुके हैं।

बैठक में राजस्व न्यायालयों के लिए रेवेन्यू कोर्ट मॉर्डनाइजेशन सिस्टम, राजस्व इकाइयों का पुर्नगठन, पूर्णकालिक सरकारी अधिवक्ताओं को रिटेनर शुल्क, उपनिवेशन क्षेत्र में भूमि आवंटन की दर में परिवर्तन, ग्राम दान एवं भूदान अधिनियम सहित विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई।

## गुलाब वाटिका, निमेड़ा का संपत्ति दस्तावेज (पट्टा) गुम, थाने में ऑनलाइन रिपोर्ट दर्ज

**अजय सिंह (चिंटू)**

**जयपुर** - गुलाब वाटिका कॉलोनी, निमेड़ा स्थित प्लॉट नंबर 05 का संपत्ति दस्तावेज (पट्टा) गुम हो गया है। गुमशुदा दस्तावेज से संबंधित प्लॉट मुकेश प्रजापत पुत्र प्रभुराम एवं भूली देवी पत्नी प्रभुराम, सूरजपोल का है। जानकारी के अनुसार, यह पट्टा सूरज पोल गेट ग्रीन विकास सहकारी समिति लिमिटेड जयपुर (पंजीयन संख्या 2235 छ) द्वारा जारी किया गया था। दस्तावेज खोने के बाद मालिक पक्ष ने तुरंत सतर्कता दिखाते हुए ऑनलाइन एफआईआर दर्ज करवाई है। मामले की रिपोर्ट थाना पुलिस रिकॉर्ड में दर्ज कर ली गई है। अब संबंधित पक्ष ने आमजन और अधिकारियों को सूचित किया है कि यदि किसी के पास उक्त दस्तावेज मिलता है तो उसकी जानकारी पुलिस या प्लॉट मालिक को दी जाए।

## जिले के संवेदनशील क्षेत्रों में पुलिस-प्रशासन का फ्लैग मार्च, शांति-सौहार्द बनाए रखने की अपील



**बारां, राजस्थान**

**बारां, 2 सितम्बर।** आगामी त्यौहारों एवं सामाजिक आयोजनों को देखते हुए मंगलवार को जिले के संवेदनशील क्षेत्रों में पुलिस एवं प्रशासन की ओर से फ्लैग मार्च निकाला गया। इस दौरान जिला कलक्टर रोहिताश्व सिंह तोमर, पुलिस अधीक्षक अभिषेक अंदासु, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजेश चौधरी, अतिरिक्त जिला कलेक्टर दिवांशु शर्मा सहित बड़ी संख्या में पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे। फ्लैग मार्च के दौरान पुलिस बल ने मुख्य मार्गों एवं भीड़-भाड़ वाले इलाकों में गश्त कर लोगों से संवाद स्थापित किया और शांति एवं सौहार्द बनाए रखने की अपील की। जिला कलक्टर ने आमजन से कहा कि त्योहारों के इस मौसम में सभी धर्मों एवं वर्गों के लोग आपसी भाईचारे और सद्भाव की मिसाल कायम करें तथा अफवाहों पर ध्यान न दें। उन्होंने प्रशासन की ओर से सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए जाने की जानकारी भी दी। पुलिस अधीक्षक अभिषेक अंदासु ने बताया कि फ्लैग मार्च का उद्देश्य लोगों में सुरक्षा की भावना जगाना और असामाजिक तत्वों को सख्त संदेश देना है। उन्होंने कहा कि त्योहारों के दौरान किसी भी प्रकार की गड़बड़ी करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। गौरतलब है कि आगामी दो महीनों में प्रमुख पर्वों का आयोजन होगा। वहीं 3 सितम्बर बुधवार से हाड़ौती का प्रसिद्ध डोल मेला प्रारंभ हो रहा है, जिसके चलते जिले में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं एवं पर्यटकों की आवाजाही रहेगी। प्रशासन ने इसके लिए भी सुरक्षा और यातायात व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए हैं।

## कांटिया में उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब, धूमधाम से भरा वीर तेजाजी महाराज का विशाल मेला

**दांतारामगढ़** के कांटिया गांव में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी मंगलवार को



श्री वीर तेजाजी महाराज का विशाल मेला श्रद्धा और हर्षोल्लास के साथ आयोजित हुआ। सुबह से ही श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में ग्रामीण डीजे की धुन पर नाचते-गाते पदयात्रा के रूप में मंदिर पहुंचे। दोपहर तक मंदिर परिसर में भक्तों की आवक का सिलसिला जारी रहा। दिनभर मंदिर में चहल-पहल और रौनक बनी रही। इस अवसर पर मंदिर परिसर में बने हवन कुंड का शुभारंभ अतिथियों द्वारा फीता काटकर किया गया। गाबली बाबा धाम के रमाकांत पारीक ने मंदिर परिसर में टेंट सेट लगाने की घोषणा की। सीकर के सांसद अमराराम ने भी तेजा बाबा के दर्शन करके सुख समृद्धि की कामना की मेले में हॉट बाजार की दुकानें भी सजाई गईं। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए श्री वीर तेजा सेवा समिति कांटिया की ओर से जगह-जगह पंडालों में पेयजल की व्यवस्था की गई तथा सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए। मेले में विशाल भंडारे का भी आयोजन हुआ। समिति की ओर से दूर-दराज से आए भक्तों का स्वागत सत्कार किया गया। इस मंदिर में जो भी भक्त अपनी अरदास लेकर आता है बाबा उनके मनोकामना जल्दी पूर्ण करते हैं

मेले से पूर्व आयोजित विशाल भजन संध्या में सुप्रसिद्ध कलाकारों ने एक से बढ़कर एक भजनों की प्रस्तुतियां देकर भक्तिमय वातावरण बना दिया। सीकर के सांसद अमराराम ने भी तेजा बाबा के दर्शन करके सुख समृद्धि की कामना की मंदिर पुजारी महावीर सिंह शेखावत ने सभी श्रद्धालुओं का आभार व्यक्त किया। इस दौरान हजारों की संख्या में तेजा भक्त मौजूद रहे।

## माँ के अपमान पर जयपुर भाजपा ने भारी हुंकार

**मां के अपमान पर जयपुर की नारी चुप नहीं रहेगी। मां सीता का अपमान होने पर सोने की लंका को जला दिया गया। मां को भरी सभा में घसीटा गया, तो महाभारत हुई। एक बार फिर देश के प्रधानमंत्री की मां का अपमान हुआ है और यह प्रधानमंत्री की मां का नहीं, बल्कि हर भारतवासी की मां का अपमान है**

**जयपुर।** भाजपा जयपुर शहर की ओर से मंगलवार को छोटी चौपड़ पर विशाल धरना व राहुल गांधी व तेजस्वी यादव पुतला दहन किया गया। यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की पूज्य माता जी के लिए इस्तेमाल किए गए अपशब्दों के खिलाफ 3 घंटे चले इस धरने में भाजपा के सभी कार्यकर्ता विधायक व अन्य नेताओं ने अपने भाषण में राहुल गांधी व तेजस्वी यादव की तीखी आलोचना की। हजारों की संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे। उन्होंने भारत मां के जयकारे लगाए और राहुल गांधी के खिलाफ नारेबाजी की। जयपुर जिला अध्यक्ष श्री अमित गोयल ने अपने जोशीले सम्बोधन में कहा कि राहुल गांधी द्वारा कहे गए अपशब्द केवल एक माता का नहीं, बल्कि समस्त मातृ शक्ति एवं भारतीय संस्कारों और संस्कृति का अपमान है। उन्होंने कहा कि माँ का अपमान कांग्रेस की पहचान है। मां के अपमान पर जयपुर की नारी चुप नहीं रहेगी। मां सीता का अपमान होने पर सोने की लंका को जला दिया गया। मां को भरी सभा में घसीटा गया, तो महाभारत हुई। एक बार फिर देश के प्रधानमंत्री की मां का अपमान हुआ है और यह प्रधानमंत्री की मां का नहीं, बल्कि हर भारतवासी की मां का अपमान है। सनातन को मानने वाला चुप नहीं रहेगा। पुतला दहन के माध्यम से हम सभी को अपने अंदर की बुराई को मारना है और 2047 तक भारत को विकसित बनाना है। उन्होंने अपने भाषण से प्रत्येक कार्यकर्ता में जोश भर दिया और सभी को भारत माता के नारे लगवाए। धरने में जयपुर के विभिन्न कोनों से आई सैकड़ो की संख्या में नारी शक्ति भी उपस्थित रही। वे मां का अपमान कांग्रेस की पहचान, मां का अपमान नहीं सहेगा हिंदुस्तान लिखित तख्तियों के साथ धरने में शामिल हुई। इस अवसर पर अनेक विधायक और वरिष्ठ नेताओं ने भी अपने भाषण में राहुल गांधी व तेजस्वी यादव की घोर निंदा की। इस अवसर पर सिविल लाइन से विधायक श्री गोपाल शर्मा, हवामहल से विधायक बालमुकुंदचार्य जी, किशनपोल प्रत्याशी चंद्रमोहन बँटवाडा, महापौर कुसुम यादव जी, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं राज्य वित्त आयोग के अध्यक्ष श्री अरुण चतुर्वेदी जी, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अशोक परनामी जी,भाजपा के प्रदेश महामंत्री श्रवण बगड़ी, प्रदेश मंत्री अजीत माण्डन, प्रदेश कार्यालय मंत्री मुकेश पारीक, पूर्व विधायक मोहन लाल गुप्ता जी, महिला मोर्चा प्रदेश महामंत्री जयश्री गर्ग, प्रदेश मंत्री स्टेफी चौहान, अपूर्वा सिंह, राजस्थान राज्य महिला आयोग की पूर्व अध्यक्ष सुमन शर्मा, सहित अनेक पार्षद एवं मंडल अध्यक्ष, सही समस्त कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी मौजूद रहे।

## सिसवन प्रखंड के बाबा महेंद्रनाथ सरोवर की बदहाली: धार्मिक आस्था और पर्यावरण खतरे में

**सीवान संवाददाता मसरूर अहमद**

सिवान जिले के सिसवन प्रखंड में स्थित बाबा महेंद्रनाथ मंदिर से सटा हुआ ऐतिहासिक और धार्मिक महत्व का सरोवर इन दिनों अपनी बदहाली पर आंसू बहा रहा है। स्थानीय निवासी और श्रद्धालु प्रयाग कुमार द्वारा दायर एक परिवाद ने इस गंभीर समस्या को उजागर किया है। परिवाद में कहा गया है कि लाखों श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र यह सरोवर अत्यधिक प्रदूषण के कारण पूरी तरह से अनुपयोगी हो गया है, जिससे न केवल धार्मिक भावनाएं आहत हो रही हैं, बल्कि स्थानीय लोगों और श्रद्धालुओं के स्वास्थ्य पर भी खतरा मंडरा रहा है। यह सरोवर बाबा महेंद्रनाथ मंदिर के बिल्कुल बगल में स्थित है और प्रत्येक वर्ष श्रावण मास में लाखों श्रद्धालु इसी सरोवर के जल से बाबा का जलाभिषेक करते हैं। लेकिन, वर्तमान में सरोवर की स्थिति अत्यंत दयनीय है। इसका पानी पूरी तरह से प्रदूषित हो चुका है, जिससे न केवल जल बल्कि इसके आस-पास का वातावरण भी दूषित हो रहा है। इस गंभीर समस्या को लेकर न तो सरकार और न ही जिला प्रशासन कोई ध्यान दे रहा है। परिवाद के आलोक में प्रखंड विकास पदाधिकारी, सिसवन को नोटिस जारी किया गया था। प्रखंड विकास पदाधिकारी ने अपने जांच प्रतिवेदन में बताया कि ग्राम पंचायत राज रामगढ़ के मुखिया ने पोखरे के सौंदर्यीकरण के लिए जिला पदाधिकारी, सिवान को पत्र लिखा है। साथ ही पर्यटन विभाग से भी इस विषय पर चर्चा की गई है, लेकिन अब तक कोई कार्यवाही शुरू नहीं की गई है।

प्रतिवेदन में यह भी स्पष्ट किया गया है कि यह पोखरा लगभग 200 बीघा में फैला हुआ है, और इसका जीर्णोद्धार पंचायत स्तर पर संभव नहीं है। इससे यह साफ हो जाता है कि यह मामला अब पर्यटन विभाग के पाले में है और इस पवित्र सरोवर के जीर्णोद्धार के लिए पर्यटन विभाग की पहल का इंतजार है।

समाधान की आवश्यकता

इस गंभीर समस्या के समाधान के लिए तत्काल और ठोस कदम उठाए जाने की जरूरत है। परिवाद में कुछ महत्वपूर्ण उपाय सुझाए गए हैं:

तत्काल सफाई: सरोवर से गाद, कचरा और अन्य प्रदूषक तत्वों को हटाकर इसकी तत्काल सफाई की जाए।

* जल शुद्धिकरण: वैज्ञानिक विधियों का उपयोग कर सरोवर के जल को शुद्ध किया जाए।
* संरक्षण: भविष्य में प्रदूषण को रोकने के लिए सरोवर के चारों ओर बाड़ लगाई जाए और इसके नियमित रखरखाव के लिए एक स्थायी तंत्र स्थापित किया जाए।

## आसन्न विधान सभा आम निर्वाचन-2025 के निमित्त आयोजित मास्टर -प्रशिक्षकों के लिए आयोजित प्रशिक्षण कार्यशाला का उद्घाटन

**सीवान संवाददाता मसरूर अहमद**

**सिवान,02** सितंबर 2025 मंगलवार को आसन्न विधानसभा आम निर्वाचन- 2025 के निमित्त आयोजित मास्टर प्रशिक्षकों के लिए आयोजित प्रशिक्षण कार्यशाला का उद्घाटन जिला निर्वाचन पदाधिकारी -सह- जिला पदाधिकारी,सिवान डॉ आदित्य प्रकाश के द्वारा डॉ अंबेडकर भवन के संवाद कक्ष में किया गया। इस अवसर पर वरीय पहाधिकारी एवं नोडल पदाधिकारी, प्रशिक्षण कोषांग, महाप्रबंधक, जिला उद्योग केन्द्र, सिवान, जिला जन सम्पर्क पदाधिकारी, सिवान, सिविल सर्जन, सिवान एवं जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, स्थापना, सिवान उपस्थित रहें। जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिला पदाधिकारी, सिवान द्वारा प्रशिक्षण में भाग लेने वाले मास्टर प्रशिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रशिक्षण कार्यक्रम में गंभीरता से भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली के दिशा- निर्देशों को समझें। \ मतदान पदाधिकारी, मतगणना पदाधिकारी, सेक्टर पदाधिकारी एवं माइको प्रेक्षक की मतदान संचालन प्रक्रिया, ई ०वी० एम० का हैंड्स आन, विभिन्न प्रपत्रों को भरने की जानकारी, ऐप्स का सम्पूर्ण प्रशिक्षण आदि विधिवत देने का निर्देश दिया गया। जिला पदाधिकारी ने मास्टर प्रशिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि आपके प्रशिक्षण पर ही पूरी मतदान प्रक्रिया आश्रित है।

## आसलपुर में तेजाजी महाराज का मेला: ध्वज यात्रा, ढोल-नगाड़े और भक्तों की उमड़ी आस्था

**अजय सिंह (चिंटू)**

**आसलपुर**

गाँव आसलपुर में वीर तेजाजी महाराज का पारंपरिक मेला बड़े उत्साह और भक्ति भाव से आयोजित किया गया। सुबह से ही भक्त मंदिर पहुँचकर तेजाजी महाराज के दर्शन करने लगे और घरों में बने पकवानों का प्रसादी भोग लगाया गया। खीर, पूड़ी, पुए, नारियल सहित पारंपरिक व्यंजन प्रसाद स्वरूप अर्पित किए गए। मेले की मुख्य आकर्षण ध्वज यात्रा रही, जो



भाखरो के घर से शुरू होकर पूरे गाँव में घूमती हुई तेजाजी मंदिर तक पहुँची। यात्रा में ढोल-नगाड़ों की थाप पर लोग नाचते-गाते और तेजा महाराज की जय के जयकारे लगाते आगे बढ़े। ध्वज यात्रा में जोत के साथ-साथ गाँववासियों का अद्भुत उत्साह देखने को मिला। मेले में श्रद्धालुओं के लिए पेयजल और अन्य सुविधाओं की विशेष व्यवस्था की गई। कमलेश भाखर ने बताया कि यह ध्वज यात्रा पीढ़ियों से चली आ रही परंपरा है और हर साल पूरे गाँव को उत्सवधर्मी बना देती है। रामपाल भम्भोरिया ने कहा कि लोग सुबह से ही मंदिर में आकर प्रसाद चढ़ाते हैं और तेजाजी महाराज के प्रति अपनी आस्था प्रकट करते हैं। लोकदेवता वीर तेजाजी महाराज को सत्यवीर और गौ-रक्षक माना जाता है। उनके जीवन की गाथा राजस्थान की लोकआस्था और संस्कृति में आज भी जीवंत है।

## गंगासागर में तृणमूल कांग्रेस का विरोध मार्च, भाजपा पर बंगालियों के उत्पीड़न का आरोप

**रमेश राय**

गंगासागर/कोलकाता : अन्य राज्यों में बंगालियों के साथ हो रहे कथित अमानवीय अत्याचार और बंगला भाषा को कमजोर करने की साज़िश के खिलाफ तृणमूल कांग्रेस ने गंगासागर में जोरदार विरोध मार्च और सभा का आयोजन किया। मंगलवार शाम दक्षिण 24 परगना ज़िले के गंगासागर के रुद्रनगर क्षेत्र में निकाले गए इस विरोध मार्च का नेतृत्व पश्चिम बंगाल के सुंदरवन मामलों के मंत्री बंकिमचंद्र हाजरा ने किया। कार्यक्रम का आयोजन सागर ब्लॉक तृणमूल कांग्रेस की ओर से किया गया। इस अवसर पर सागर पंचायत समिति की



अध्यक्षा साबिना बीबी, उपाध्यक्ष स्वप्न कुमार प्रधान, ज़िला परिषद के सदस्य तथा गंगासागर विकास बोर्ड के उपाध्यक्ष संदीप कुमार पात्र सहित तृणमूल कांग्रेस के कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहे।सभा से तृणमूल नेताओं ने केंद्र सरकार और भाजपा पर बंगालियों का अपमान करने, भाषा व संस्कृति को निशाना बनाने और राजनीतिक षड्यंत्र रचने का आरोप लगाया।

## ( मौत का चौराया ) खड़ी बस ओर रेहड़ी को बचाने के चक्कर में ट्रेलर डिवाइडर से टकराया

**देश का दर्पण. दैनिक अखबार पत्रकार=..राकेश कोठेनिया हलेना**



**हलैना (भरतपुर.)** जयपुर-आगरा नेशनल हाईवे पर हलैना बस स्टैंड के पास मंगलवार सुबह बड़ा हादसा टल गया। यहां खड़ी बस और रेहड़ी को बचाने के प्रयास में एक तेज रफ्तार ट्रेलर अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि डिवाइडर पर लगी रेलिंग और सोलर लाइट क्षतिग्रस्त हो गई। हलैना थाना अधिकारी जगदीश चंद ने बताया कि ट्रेलर जयपुर की ओर से आ रहा था। हादसे के वक्त बस स्टैंड के पास कई रेहड़ियां खड़ी थीं। ट्रेलर के डिवाइडर से टकराते ही वहां मौजूद रेहड़ी वाले जान बचाने के लिए इधर-उधर भागे। गनीमत रही कि कोई जनहानि नहीं हुई। हादसे के चलते करीब 10 मिनट तक ट्रैफिक जाम लग गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और वाहनों को हटाकर आवागमन सुचारू कराया। स्थानीय लोगों का कहना है कि हलैना बस स्टैंड के पास हाईवे पर आए दिन रेहड़ियों के खड़े होने से बसों और अन्य वाहनों को निकलने में परेशानी होती है।

## प्रेमिका से मारपीट के आरोप में हेडमास्टर समेत प्रेमी शिक्षक गए जेल

**देश का दर्पण न्यूज (बिहार वैशाली= पातेपुर संवाददाता रंजीत कुमार**

**पातेपुर ।** वैशाली जिले की पातेपुर थाने की बेसिक स्कूल बरडीहा में प्रेमिका के साथ मारपीट करने के आरोप में प्रेमी शिक्षक और उस विद्यालय के प्रभारी हेडमास्टर को गिरफ्तार कर पुलिस मंगलवार को हाजीपुर जेल भेज दिया।मिली जानकारी के अनुसार हाजीपुर के जढुआ के निवासी और पातेपुर थाने की बरडीहा बेसिक स्कूल के शिक्षक को उसी के मकान में रेंटर के रूप में रह रही बविता देवी नामक महिला से प्रेम प्रसंग चलने लगा।यह सिलसिला लगभग एक वर्ष तक चला।पीड़िता के अनुसार शिक्षक से चल रहा शारीरिक संबंध पर शिक्षक की पत्नी ने उक्त महिला पर केस कर दी।वह महिला चार माह था जेल में रही।फिर वह शिक्षक ने उस महिला को जेल से बाहर निकलवाया।तब से प्रेमी और प्रेमिका में फोन के माध्यम से संवाद चल रहा था।वह महिला तीन बच्चे की मां है।उसकी पति मरे हुए है।पीड़िता बबीता देवी के अनुसार बीते सोमवार को शिक्षक के बुलावे पर विद्यालय पर गई तो उसके साथ आरोप है कि आरोपित शिक्षक ने स्कूल पर ही पीड़िता के साथ मारपीट करने लगा।जिसमें उस विद्यालय के प्रभारी हेडमास्टर भी महिला के साथ मारपीट करने में उसके प्रेमी शिक्षक का साथ दे रहे थे ।घायल बबीता देवी ने तुरंत 112 की पुलिस को इस घटना की जानकारी फोन से दी।पुलिस विद्यालय पर आकर आरोपित प्रेमी शिक्षकआलोक आनंद और प्रभारी हेडमास्टर विपिन कुमार को गिरफ्तार कर थाने के गई।

## बचाव कार्यों के बाद अब लोगों के पुनर्वास के लिए युद्धस्तर पर प्रयास किए जाएँगे - कमल किशोर यादव



**अजनला,02 सितंबर : ( सुरेश रहेजा, परवीन कुमार, साहिल रहेजा )**

जिले के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में बचाव एवं राहत कार्यों में सहयोग हेतु पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान द्वारा गठित एक उच्चाधिकार प्राप्त समिति, जिसके सदस्यों में वरिष्ठ आईएएस अधिकारी श्री कमल किशोर यादव, श्री वरन रूजम और श्री बसंत गर्ग शामिल हैं, आज अजनाला पहुँची और राहत कार्यों में लगी टीमों के साथ विस्तृत बैठक की।

इस अवसर पर उपायुक्त श्रीमती साक्षी साहनी, जिला पुलिस प्रमुख श्री मनिंदर सिंह, अतिरिक्त उपायुक्त श्री रोहित गुप्ता, अतिरिक्त उपायुक्त श्रीमती अमनदीप कौर, अतिरिक्त उपायुक्त श्रीमती परमजीत कौर, एसडीएम गुर सिमरन सिंह ढिल्लों, सहायक आयुक्त श्री खुशदीप सिंह सहित सभी विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

जिला प्रशासन द्वारा अब तक किए गए कार्यों की सराहना करते हुए श्री कमल किशोर यादव ने कहा कि आपके प्रयासों से कई बहुमूल्य जानें बच पाई हैं। उन्होंने कहा कि यह आपदा हमारी सोच से कहीं बड़ी थी, लेकिन समय पर टीमों के सक्रिय होने से बड़ी जनहानि टल गई है। श्री यादव ने कहा कि अब हमें राहत के साथ-साथ बचाव कार्य के बाद लोगों के पुनर्वास का भी काम करना है, इसलिए सभी विभाग अपने-अपने काम में जुट जाएं, जिसमें सड़कों, पुलों की मरम्मत, बिजली आपूर्ति बहाल करना, पेयजल आपूर्ति, चिकित्सा सहायता आदि शामिल हैं। उन्होंने कहा कि इसके लिए मैं राज्य सरकार से आपको आवश्यक सहायता दिलवाऊंगा। इसके अलावा, यदि आपको किसी अन्य जिले से स्टाफ या सहायता की आवश्यकता होगी, तो वह भी आपको तुरंत मिल जाएगी। इस अवसर पर श्री बसंत गर्ग ने कृषि विभाग को आगामी सीजन की तैयारी के लिए कार्य करने और पशुओं के लिए चारे की व्यवस्था करने के आदेश दिए। उन्होंने कहा कि पशुपालन विभाग भी यह सुनिश्चित करे कि पशुओं को किसी भी बीमारी के कारण कोई नुकसान न हो। उन्होंने कहा कि इसके अलावा, खाद्य आपूर्ति विभाग क्षेत्र में डीजल, पेट्रोल और गैस की निरंतर आपूर्ति सुनिश्चित करे और आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति भी सुनिश्चित करे। इस अवसर पर, उपायुक्त श्रीमती साक्षी साहनी ने कहा कि हमने जल जनित बीमारियों की रोकथाम के लिए क्षेत्र में चिकित्सा शिविर लगाने की योजना बनाई है, जो 24 घंटे चलेंगे। इसके अलावा, पशु चिकित्सा विभाग की 20 टीमें बनाई गई हैं, जो क्षेत्र में तैनात रहेंगी और पशुओं की देखभाल का काम करेंगी। सभी विभागों ने आश्वासन दिया कि वे बाढ़ प्रभावित लोगों के पुनर्वास के लिए पूरी तत्परता से काम करेंगे और यह सुनिश्चित करने का प्रयास किया जाएगा कि किसी को कोई समस्या न हो।

## जिला कलेक्टर ने देखी जलभराव, फसलों के नुकसान और क्षतिग्रस्त सड़कों के हालात

**देश का दर्पण.दैनिक अखबार पत्रकार.राकेश कोठेनिया हलेना**

भरतपुर.=जिला कलक्टर कमर चौधरी ने मंगलवार को सेवर ब्लॉक के पीरनगर, पीपला और जघीना सहित आसपास के गांवों का दौरा कर खेतों में जलभराव, फसलों के नुकसान और क्षतिग्रस्त सड़कों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों से सीधे संवाद कर भारी वर्षा से हुई दिक्कतों की जानकारी ली। उन्होंने जल संसाधन विभाग को खेतों में जमा

# मध्य प्रदेश ने स्वास्थ्य क्षेत्र में किया है नवाचार: मुख्यमंत्री डॉ. यादव

## मप्र के दौरे पर दिल्ली से आया अवर सचिवों का दल, मुख्यमंत्री से भारत सरकार के अधिकारियों ने की भेंट

**भोपाल/ब्यूरो।** मध्य प्रदेश के प्रवास पर आए प्रधानमंत्री कार्यालय के अवर सचिव विनोद बिहारी सिंह के नेतृत्व में अधिकारियों के 38 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने मंगलवार को भोपाल स्थित मंत्रालय में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से सौजन्य भेंट की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि देश के हृदय प्रदेश में सभी का स्वागत है। मध्य प्रदेश अनेक नवाचारों को अपनाते हुए विभिन्न क्षेत्रों में विकास के पैमानों पर कार्य कर रहा है। नागरिकों को स्वास्थ्य क्षेत्र में विभिन्न सुविधाएं दी जा रही हैं। आयुष्मान कार्डधारी और अन्य नागरिकों को आपातकाल में जीवन रक्षा के लिए एयर एम्बुलेंस सुविधा भी उपलब्ध करवाई जा रही है। इसी तरह मेडिकल कॉलेजों की स्थापना का कार्य निरंतर हो रहा है।

दिल्ली से आए प्रतिनिधि मंडल में भारत सरकार के विभिन्न मंत्रालयों में कार्यरत अवर सचिव शामिल थे।

यह सभी अवर सचिव इस मिड कैरियर कोर्स के उपरान्त उप सचिव के पद पर पदोन्नत होंगे और अलग-अलग मंत्रालयों में उनकी पदस्थापना की जाएगी। प्रतिनिधि मंडल के सदस्यों ने तीन दिवसीय मध्य प्रदेश यात्रा में विश्व धरोहर स्मारक सांची (जिला रायसेन) और हिल स्टेशन पचमढ़ी (जिला नर्मदापुरम) का भ्रमण भी किया। भारत सरकार के अधिकारियों ने बताया कि वे मध्य प्रदेश की प्राकृतिक सुंदरता और ऐतिहासिक विरासत से प्रभावित हुए हैं।



मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने भारत सरकार के अधिकारियों को जानकारी दी कि पीपीपी मॉडल के आधार पर जिला अस्पतालों का मेडिकल कॉलेज के रूप में उन्नयन कर आवश्यक सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं। इस मॉडल की विशेषताओं का उल्लेख करते हुए बताया कि मेडिकल कॉलेज के लिए मात्र एक रुपये में 25 एकड़ भूमि के आवंटन, चिकित्सक एवं पैरामेडिकल स्टाफ उपलब्ध करवाने और मेडिकल कॉलेज का प्रबंधन, प्राप्त शुल्क राशि से किए जाने की व्यवस्था की गई है। इस पहल का नागरिकों को व्यापक स्तर पर लाभ प्राप्त होगा।

**मध्य प्रदेश के स्मारकों और मंदिरों की संरचना पर केंद्रित हैं नई दिल्ली के महत्वपूर्ण भवन**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रतिनिधिमंडल को बताया कि जहां राष्ट्रपति भवन का सेंट्रल डोम(मुख्य गुम्बद) सांची के स्तूप से प्रेरित है। वहीं पुरानी संसद भवन का आकल्पन मुरैना जिले के मितावली- पड़ावली स्थित 64 योगिनी मंदिर की तरह किया गया था।

नए संसद भवन की डिजाइन भी प्रदेश के विदिशा स्थित विजयपुर मंदिर की संरचना से मिलती जुलती है। इस तरह राष्ट्रीय राजधानी नई दिल्ली में महत्वपूर्ण भवनों के निर्माण में मध्य प्रदेश के स्मारकों और मंदिरों के अनुरूप आकल्पन प्रदेश के लिए गर्व की बात है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर मुख्यमंत्री कार्यालय में अपर मुख्य सचिव नीरज मंडलोई ने कहा कि भारत सरकार के यह सभी अधिकारी जनकल्याण की दृष्टि से विभिन्न मंत्रालयों में महत्वपूर्ण दायित्वों का

## मध्य प्रदेश : गांधीसागर और कूनो बने इको-टूरिज्म व साहसिक पर्यटन के केंद्र

**भोपाल/ब्यूरो।** मध्य प्रदेश अब पर्यटन की दुनिया में नया अध्याय लिखने जा रहा है। यहां के घने जंगल, नदियों का सुकून और रोमांच से भरपूर गतिविधियां अब इको-टूरिज्म और एडवेंचर टूरिज्म के रूप में पर्यटकों को आकर्षित कर रही हैं। प्रदेश के दो बड़े आयोजन, गांधीसागर फॉरेस्ट रिट्रीट और कूनो फॉरेस्ट रिट्रीट को राज्य सरकार द्वारा इस साल खास अंदाज में तैयार किया गया है।

दरअसल, पर्यटन, संस्कृति और धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) धर्मेंद्र सिंह लोधी ने सोमवार को पत्रकार वार्ता के दौरान जानकारी दी कि गांधीसागर और कूनो जैसे आयोजन केवल पर्यटन तक सीमित नहीं हैं, बल्कि ये प्रदेश की प्राकृतिक धरोहर, सांस्कृतिक समृद्धि और पर्यावरण संरक्षण को जोड़ने वाले मंच साबित होंगे। यही वजह है कि गांधीसागर और कूनो अब इको-टूरिज्म और साहसिक पर्यटन के केंद्र के रूप में तेजी से उभर रहे हैं।

**गांधीसागर फॉरेस्ट रिट्रीट 12 सितंबर से**

चंबल नदी पर बने गांधीसागर डैम का बैकवाटर इलाका अब रोमांच का गढ़ बनने जा रहा है। यहां 12 सितंबर से गांधीसागर फॉरेस्ट रिट्रीट का चौथा संस्करण शुरू होगा। मंदसौर जिले में होने वाला यह आयोजन पहले ही देश-विदेश के सैलानियों का ध्यान खींच चुका है।

इस बार यहां 50 लग्जरी ऑल सीजन टेंट सिटी बनाई गई है, जहां पर्यटक आधुनिक सुविधाओं के बीच जंगल और नदी का रोमांच महसूस करेंगे। इसके अलावा पैरासेलिंग, पैरामोटरिंग, जेट स्की, जोरबिंग जैसी साहसिक गतिविधियां पर्यटकों का दिल जीतेंगी। बोट सफारी, बोट स्पा, जंगल सफारी और बटरफ्लाई गार्डन जैसे अनुभव भी पर्यटकों को प्राकृतिक सौंदर्य से जोड़ेंगे। वहीं, रॉक गार्डन और स्थानीय हस्तशिल्प पर आधारित कार्यशालाएं क्षेत्रीय संस्कृति को करीब से समझने का अवसर देंगी।

**कूनो फॉरेस्ट रिट्रीट 5 अक्टूबर से**

श्योपुर जिले का कूनो राष्ट्रीय उद्यान, जहां हाल ही में चीता पुनर्वास का ऐतिहासिक क्षण देखा गया, अब इको-टूरिज्म और सांस्कृतिक धरोहर का संगम प्रस्तुत करेगा। 5 अक्टूबर से कूनो फॉरेस्ट रिट्रीट का दूसरा संस्करण यहां आयोजित होगा।

यहां 25 लग्जरी ऑल सीजन टेंट सिटी बनाई गई है। जंगल सफारी, नाइट वॉक और स्टार गेज़िंग जैसी गतिविधियां पर्यटकों को रोमांचक अनुभव देंगी। इसके साथ ही हॉट एयर बैलूनिंग, योग, ध्यान और वेलनेस सत्र से यह आयोजन वेलनेस टूरिज्म का नया केंद्र बनेगा। गांवों की झलक दिखाने वाले टूर, कला और शिल्प प्रदर्शन, लोक संगीत और नृत्य की प्रस्तुतियां पर्यटकों को स्थानीय जीवनशैली से जोड़ेंगी। वहीं, चीता इंटरप्रिटेशन सेंटर इस आयोजन का खास आकर्षण होगा, जो प्रदेश की वन्यजीव धरोहर की पहचान को और मजबूत करेगा।

**पर्यटन बोर्ड का फोकस**

अपर मुख्य सचिव पर्यटन, संस्कृति, गृह और धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व तथा प्रबंध संचालक, मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड शिव शेखर शुक्ला का कहना है कि गांधीसागर और कूनो फॉरेस्ट रिट्रीट अनुभव-आधारित पर्यटन के शानदार उदाहरण हैं। यहां पर्यटक केवल घूमने नहीं आएंगे, बल्कि हर पल को जिएंगे। पैरासेलिंग, पैरामोटरिंग, जेट स्की, जंगल सफारी, नाइट वॉक और स्टार गेज़िंग जैसी रोमांचक गतिविधियां उन्हें नए अनुभव देंगी। वहीं, योग और वेलनेस सत्र, स्थानीय व्यंजन और सांस्कृतिक प्रस्तुतियां प्रदेश की आत्मा से सीधा परिचय कराएंगी।

उन्होंने यह भी कहा कि इन आयोजनों की रूपरेखा इस तरह तैयार की गई है कि पर्यटन के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण, स्थानीय समुदायों की भागीदारी और सतत विकास को प्राथमिकता मिले।

**उद्देश्य और लाभ**

गांधीसागर और कूनो फॉरेस्ट रिट्रीट के पीछे केवल मनोरंजन का विचार नहीं है। इन आयोजनों का उद्देश्य प्रदेश को एडवेंचर और वेलनेस टूरिज्म के राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय मानचित्र पर स्थापित करना है। इससे स्थानीय स्तर पर रोजगार और आजीविका के नए अवसर पैदा होंगे। स्थानीय संस्कृति और परंपराओं के संरक्षण के साथ नई पीढ़ी में अपनी धरोहर और प्राकृतिक संपदा के प्रति जागरूकता भी बढ़ेगी। पर्यटन विशेषज्ञों का मानना है कि इन आयोजनों से प्रदेश में आने वाले सैलानियों की संख्या बढ़ेगी। खासकर वे पर्यटक, जो रोमांच और प्रकृति को करीब से महसूस करना चाहते हैं, अब मध्य प्रदेश को अपनी प्राथमिक सूची में शामिल करेंगे।

**प्रदेश की पहचान बनेगा एडवेंचर टूरिज्म**

गांधीसागर फॉरेस्ट रिट्रीट जहां एडवेंचर टूरिज्म की पहचान मजबूत करेगा, वहीं कूनो फॉरेस्ट रिट्रीट वेलनेस और वन्यजीव पर्यटन को नया आयाम देगा। यह पहल न केवल देशी पर्यटकों बल्कि विदेशी सैलानियों को भी आकर्षित करेगी। मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी के अनुसार, "यह आयोजन प्रदेश के लिए गर्व का विषय हैं। इन्होंने मध्य प्रदेश को नई पहचान दी है और आगे यह हमारी अर्थव्यवस्था और संस्कृति दोनों को नई दिशा देंगे।"

## भविष्य की मांग अनुसार मेडिकल कॉलेजों व संबद्ध अस्पतालों के उन्नयन की योजना बनाएं: शुक्ल

**भोपाल/ब्यूरो।** मध्य प्रदेश के उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने मंगलवार को भोपाल स्थित मंत्रालय में नेताजी सुभाषचन्द्र बोस मेडिकल कॉलेज जबलपुर तथा गजरा राजा मेडिकल कॉलेज ग्वालियर एवं जय आरोग्य अस्पताल के उन्नयन एवं विस्तार योजना की विस्तृत समीक्षा की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि चिकित्सकीय आवश्यकताओं और भविष्य की मांग को ध्यान में रखते हुए मेडिकल कॉलेजों और संबद्ध अस्पतालों का विस्तार एवं उन्नयन आवश्यक है।

इसके लिए ठोस और व्यवहारिक योजना शीघ्र तैयार की जाये, ताकि जनता को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएँ उपलब्ध कराई जा सकें।

उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने वर्तमान आधारभूत संरचनाओं की स्थिति का आकलन करने के लिए निर्माण एजेंसी और पीडब्ल्यूडी की संयुक्त टीम गठित कर विस्तृत निरीक्षण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि निरीक्षण रिपोर्ट के आधार पर प्रस्ताव को शीघ्र अंतिम रूप दिया जाये।

ग्वालियर के गजरा राजा मेडिकल कॉलेज और जय आरोग्य हॉस्पिटल की समीक्षा के दौरान उप मुख्यमंत्री ने कहा कि सीसीएचबी का उन्नयन कर इसे 200 बेड क्षमता का बनाया जाये। उन्होंने निर्देश दिए कि छात्रावास एक ही परिसर में निर्मित हों और उपलब्ध स्पेस का सर्वोत्तम उपयोग सुनिश्चित किया जाये। उन्होंने एमपीबीडीसी द्वारा तैयार किए गए विस्तार और पुनर्विकास मॉडल का अवलोकन भी किया और आवश्यक सुझाव दिए।

जबलपुर स्थित नेताजी सुभाषचन्द्र बोस मेडिकल कॉलेज की समीक्षा के दौरान उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने कहा कि सुपर स्पेशियलिटी ब्लॉक की क्षमता 240 से बढ़ाकर 400 बेड की जाये। उन्होंने अस्पताल की कुल क्षमता को 1000 बेड तक विस्तार करने के निर्देश दिए। साथ ही चिकित्सकों और कार्मिकों के लिए आवासीय ब्लॉकों के निर्माण को भी योजना में शामिल करने को कहा। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि अधोसंरचना विकास के साथ उसके रख-रखाव की व्यवस्था को भी प्रस्तावित योजना में सुनिश्चित किया जाये।

बैठक में लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा संचालक (प्रोजेक्ट) नीरज कुमार सिंह, एमपीबीडीसी के एमडी सिबी चक्रवर्ती सहित पीआईयू और एमपीबीडीसी के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

## लैंड पुलिंग व सिंहस्थ के नाम पर किसानों का विस्थापन स्वीकार नहीं: भारतीय किसान संघ

**जबलपुर/ब्यूरो।** भारतीय किसान संघ के प्रचार प्रसार प्रमुख राघवेंद्र पटेल ने जबलपुर से जारी वक्तव्य में बताया कि उज्जैन सिंहस्थ के आयोजन की तैयारी के लिए जमीन की आवश्यकता को पूरा करने के लिए मध्यप्रदेश सरकार लैंड पुलिंग एक्ट लेकर आई है और विधानसभा में जिस जल्दबाजी में संशोधन विधेयक लाकर सरकार ने पास कराया है। उस समय से ही सरकार की मंशा पर प्रश्नचिह्न लगने लगे थे।

देश में किसानों के सबसे बड़े किसान संगठन भारतीय किसान संघ ने भी मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर प्रभावित किसानों से चर्चा कर सुझाव भेजे थे।



भोपाल में भारतीय किसान संघ के प्रदेश कार्यालय में आयोजित प्रदेश बैठक में शामिल होने पहुंचे अखिल भारतीय महामंत्री मोहिनी मोहन मिश्र ने मीडिया से चर्चा में बताया कि सैकड़ों वर्षों से उज्जैन में सिंहस्थ का आयोजन हो रहा है, किसान अपनी सहभागिता देकर आयोजन में जमीन देता आया है। बदले में सरकार किसान को उसकी जमीन का किराया देती थी। लेकिन वर्तमान में सरकार लैंड पुलिंग एक्ट के तहत किसान की जमीन छीनना चाहती है और उस पर स्थाई निर्माण करना चाहती है।

जिसके लिए प्रदेश व उज्जैन का किसान तैयार नहीं है। मिश्र ने कहा कि प्रदेश सरकार सिंहस्थ व लैंड पुलिंग के नाम पर किसान की जमीन छीनकर उनका विस्थापन करना चाहती है। लैंड पुलिंग एक्ट पर किसान से कोई चर्चा न करना, गाइडलाइन न बताना सरकार की सोच पर शंका को जन्म देती है। जो कि प्रदेश के किसानों व किसान संघ को स्वीकार नहीं है। इस विषय को लेकर हमारी गांव गांव जाने की तैयारी चल रही है।

**किसानों के खेतों में स्थाई निर्माण क्यों**

महामंत्री मिश्र ने कहा कि सरकार व उसके अधिकारी किसान के खेतों में कांक्रीट डालने व स्थाई निर्माण करने क्यों अड़े हैं। किसान संघ का कहना है कि साधु संत तो पैरों में चप्पल तक नहीं पहनते हैं, गर्मी में सिंहस्थ होता है ऐसे में कांक्रीट खेतों में बिछाना कहां तक उपयुक्त हैं।

## धमतरी :पीएम आवास योजना अंतर्गत हितग्राहियों को बांटा गया भवन अनुज्ञा

**धमतरी/ब्यूरो।** नगर पालिक निगम धमतरी द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना (पीएमएवाय) अंतर्गत स्वीकृत आवासों की भवन अनुज्ञा वितरण का कार्यक्रम दो सितंबर को नगर निगम कार्यालय में संपन्न हुआ। इस अवसर पर महापौर रामू रोहरा, सभापति कौशिल्या देवांगन, एमआईसी सदस्य नरेंद्र रोहरा, विजय मोटवानी एवं अखिलेश सोनकर ने हितग्राहियों को भवन अनुज्ञा पत्र सौंपा।

कार्यक्रम में निगम के पार्षद एवं एमआईसी सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। महापौर रामू रोहरा ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के संकल्प का साकार रूप है। इस योजना का उद्देश्य है कि हर गरीब परिवार को पक्का मकान उपलब्ध हो, ताकि वे सम्मानजनक जीवन जी सकें। उन्होंने लाभार्थियों से अपील की कि वे समय पर मकान



निर्माण कार्य पूरा करें, जिससे शीघ्र ही अपने सपनों का घर पा सकें। एमआईसी सदस्य नरेंद्र रोहरा और विजय मोटवानी ने कहा कि निगम का लक्ष्य है कि कोई भी पात्र परिवार आवास से वंचित न रहे। इसके लिए निगम अधिकारियों और कर्मचारियों को हितग्राहियों की हर संभव मदद करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने योजना के पारदर्शी और सुचारु क्रियान्वयन की सराहना करते हुए कहा कि आगे भी पात्र हितग्राहियों को समय पर स्वीकृति और भवन अनुज्ञा उपलब्ध कराई जाएगी। कार्यक्रम के अंत में निगम प्रशासन ने हितग्राहियों को विश्वास दिलाया कि योजना के अंतर्गत पात्र सभी परिवारों को पक्के मकान का सपना साकार करने के लिए पूरी निष्ठा से प्रयास जारी रहेंगे। इस अवसर पर पार्षद पिंटू यादव, हिमानी साहू, तल्लीनपुरी गोस्वामी, नम्रता पवार, आशा लोधी, चन्द्रभागा साहू, हेमन्त बंजारे, अनिता अग्रवाल, भारती साहू, अज्जू देशलहरे, संजय देवांगन, संतोष सोनकर, गजेंद्र कवर, प्रकाश सिन्हा और छोटू वर्मा सहित अनेक जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# असम में कामरूप जिला सड़क सुरक्षा समिति और जिला स्तरीय नार्को कोऑर्डिनेशन सेंटर समिति की बैठक संपन्न

**असम/ब्यूरो।** असम में कामरूप जिले की अगस्त माह की जिला सड़क सुरक्षा समिति तथा जिला स्तरीय नार्को कोऑर्डिनेशन सेंटर समिति की बैठकें सफलतापूर्वक आयोजित की गईं।

कामरूप जिला सड़क सुरक्षा समिति की अगस्त महीने के बैठक 30 अगस्त को अमीनगांव स्थित समन्वित जिला कार्यालय में जिला आयुक्त देब कुमार मिश्रा की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। इस बैठक में जिला आयुक्त ने दुर्घटना जाँच दल को चांगसारी क्षेत्र में बार-बार घटित हो रहे सड़क हादसों की गहन जाँच करने के निर्देश दिए। उन्होंने एआईआईएमएस-गुवाहाटी और आईआईटी-गुवाहाटी के प्रवेश बिंदुओं पर अक्सर देखी जाने वाली यातायात भीड़ की समस्या पर भी विस्तार से चर्चा की और पुलिस व परिवहन विभाग को संयुक्त सर्वेक्षण कर समाधान निकालने का निर्देश दिया।

अमीनगांव से बाईहाटा चारियाली तक के राष्ट्रीय राजमार्ग को लेकर समिति ने राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण को इस मार्ग के दोनों ओर "वेस्टसाइड अमेनिटीज" की



व्यवस्था करने का निर्देश दिया।मिर्जा चारियाली और चयगांव बाजार जैसे क्षेत्रों में जाम की समस्या पर भी बैठक में चर्चा हुई। इस अवसर पर अतिरिक्त उपायुक्त गर्ग मोहन दास, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सोमालिन शुभदर्शिनी, रंगिया, बको-चायगांव और पलाशबाड़ी क्षेत्र के उप-आयुक्त क्रमशः देवाशीष गोस्वामी, प्रियांशु भारद्वाज और रश्मि बरुआ गोगोई उपस्थित थे।

इसके अलावा शिक्षा, परिवहन, सड़क निर्माण एजेंसियों सहित राष्ट्रीय राजमार्ग एवं लोक निर्माण विभाग के अधिकारी भी बैठक में शामिल हुए।

उसी दिन जिला स्तरीय नार्को कोऑर्डिनेशन सेंटर समिति की बैठक भी समन्वित जिला कार्यालय में जिला आयुक्त देब कुमार मिश्रा की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में जिले में बिना लाइसेंस की फार्मेसी को नियंत्रित करने और अनधिकृत दवाइयों की बिक्री रोकने के उपायों पर विस्तृत चर्चा की गई।दवा निरीक्षक ने बैठक को सूचित किया कि इस माह मालिबारी क्षेत्र में एक बिना लाइसेंस वाली मेडिकल स्टोर को सील किया गया और एक अन्य स्टोर को बंद किया गया।

## छत्तीसगढ़ में आदि कर्मयोगी अभियान 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक सेवा पखवाड़ा के रूप में मनाया जाएगा



**रायपुर/ब्यूरो।** देश की आजादी के बाद यह पहला अवसर है जब किसी सरकार ने जनजातीय समाज के जीवन स्तर को उपर उठाने के लिए देशव्यापी अभियान छेड़ा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जनजातीय समाज के लोगों को शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार जैसे मूलभुत सुविधाओं से जोड़ने और इनका लाभ दिलाने के लिए आदि कर्मयोगी अभियान की शुरूआत की है। यह अभियान देशभर के 30 राज्यों में संचालित किया जा रहा है। यह अभियान देश भर के 550 से ज्यादा जिलों और 1 लाख से अधिक आदिवासी बहुल गांवों में बदलाव के लिए काम करेगी। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने इस अभियान को सेवा पर्व का रूप दिया है। छत्तीसगढ़ में यह अभियान 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक पूरे राज्य में ग्राम पंचायत स्तर पर सेवा पखवाड़ा के रूप में मनाया जाएगा।

मुख्यमंत्री साय का कहना है कि यह केवल योजनाओं की जानकारी देने का प्रयास नहीं, बल्कि समाज और शासन को जोड़ने वाला पुल है। छत्तीसगढ़ में इस अभियान के लिए वृहद स्तर पर आदिकर्म योगियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। ये कर्मयोगी जनजातीय परिवारों से घर-घर संपर्क कर उनकी आवश्यकताओं और जरूरतों को समझेंगे तथा केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ दिलाने में मदद करेंगे, राज्य और जिला स्तर पर इसकी मॉनिटरिंग की जाएगी। राज्य सरकार के सभी विभागों के अधिकारी इस कार्य में संवेदनशीलता के साथ सीधे जुड़ेंगे।

आदिकर्मयोगी अभियान का महत्व राष्ट्रीय स्तर पर इसलिए भी है क्योंकि भारत की जनजातीय आबादी लगभग 10 करोड़ से अधिक है। इतने बड़े समुदाय को मुख्यधारा में लाए बिना 2047 तक विकसित भारत का सपना अधूरा रहेगा। यह अभियान प्रधानमंत्री की उस सोच से जुड़ा है, जिसमें हर क्षेत्र, हर समाज और हर नागरिक को विकसित भारतह्न की यात्रा में समान अवसर देना है। भारत का विकास केवल शहरों और औद्योगिक क्षेत्रों तक सीमित नहीं रह सकता। एक सशक्त और आत्मनिर्भर राष्ट्र वही कहलाएगा, जहाँ समाज के हर तबके को समान अवसर मिले और उसकी संस्कृति को उचित सम्मान दिया जाए। इसी सोच को मूर्त रूप ह्यआदि कर्मयोगी अभियानह्न के जरिए दिया जा रहा है। यह वस्तुतः जनजातीय समाज को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने की दिशा में एक क्रांतिकारी पहल है।

छत्तीसगढ़ देश का वह राज्य है जहाँ सर्वाधिक जनजातीय जनसंख्या निवास करती है। इसीलिए इस अभियान का यहां विशेष महत्व है। आदिवासी समाज की असली चुनौती यही रही है कि अनेक योजनाएँ होते हुए भी उनकी जानकारी और लाभ जरूरतमंदों तक समय पर नहीं पहुँच पाते। ऐसे में लाखों कर्मयोगी स्वयंसेवक योजना और समाज के बीच सेतु बन सकेंगे। यह अभियान राज्य के 28 जिलों और 138 विकासखंडों के 6 हजार 650 गांवों में 1 लाख 33 हजार से अधिक वालंटियर्स तैयार करने का लक्ष्य रखा है।

आदिम जाति कल्याण मंत्री राम विचार नेताम में अधिकारियों को पंचायतों में आदि सेवा केंद्र स्थापित करने और जनजातीय परिवारों को पेंशन, स्वास्थ्य बीमा, छात्रवृत्ति, रोजगार, कौशल विकास जैसी सुविधाओं के लिए मार्गदर्शन और योजनाओं का लाभ दिलाने में मदद करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा है कि इस अभियान को सेवा पर्व के रूप में मनाया जाए और जनजातीय योजनाओं को घर-घर तक पहुँचाने का ठोस प्रयास किया जाए।

अभियान का असर शिक्षा और स्वास्थ्य से लेकर आजीविका तक हर क्षेत्र में दिखेगा। जब एक वालंटियर किसी परिवार को यह बताता है कि उनकी बेटी को छात्रवृत्ति मिल सकती है, या बुजुर्ग को पेंशन का हक है, तो यह केवल सूचना नहीं होती, बल्कि उस परिवार की जिंदगी बदलने वाला अवसर होता है।

## राजकीय महाविद्यालय में भव्य अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का आयोजन

**नोएडा/ब्यूरो।** राजकीय महाविद्यालय, सेक्टर -39, नोएडा में महाविद्यालय के 44 वें स्थापना दिवस पर हिंदी साहित्य भारती नोएडा द्वारा हास्य कवि बाबा कानपुरी की अध्यक्षता में एक राष्ट्रीय कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया, जिसके मुख्य अतिथि थे भाजपा महानगर अध्यक्ष श्री महेश चौहान और संचालन किया कवि डा पुष्पेन्द्र शर्मा ने।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. आर. के. गुप्ता, हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ.मंजू शुक्ला सहित कालेज के बहुत सारे अध्यापकों ने सभी कवियों, उपस्थित विशिष्ट अतिथियों का अंगवस्त्र पुष्पहार से स्वागत किया। कार्यक्रम के आयोजन में लायन्स क्लब नोएडा का सहयोग सराहनीय रहा।

कवि सम्मेलन में सर्वश्री वरिष्ठ कवि चंद्रभानु मिश्र, गीतकार ओंकार त्रिपाठी, हास्य कवि मोहन द्विवेदी, वरिष्ठ कवयित्री डॉ. श्वेता त्यागी, बबीता पांडेय, प्रतिभा इंदु एवं कवि पत्रकार विनोद शर्मा ने अपनी विभिन्न विधाओं की कविताओं से श्रोताओं का भरपूर मनोरंजन किया। श्रोताओं में महाविद्यालय के छात्र भी काफी संख्या में उपस्थित थे, जिन्होंने कविता का भरपूर आनंद लिया।

## मानवता के हित में रक्तदान महान कार्य : पवन मिश्र

**देवरिया/ब्यूरो।** भाजपा किसान मोर्चा देवरिया द्वारा चार साल बेमिसाल उत्सव के अंतर्गत महर्षि देवरहवा बाबा मेडिकल कालेज ब्लड बैंक में रक्त परीक्षण एवं रक्तदान कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष पवन कुमार मिश्र ने रक्तदान करने के बाद कहा कि रक्तदान के माध्यम से सामुदायिक भावना को बढ़ावा को मिलता है।

उन्होंने कहा कि रक्तदान एक जीवन बचाने की प्रक्रिया है, मानवता के हित मे रक्तदान महान कार्य है, प्रत्येक व्यक्ति को इस पुनीत कार्य मे भाग लेना चाहिए।

इस अवसर पर मुख्य रूप से भगवान यादव, अरुण मिश्र, विजेंद्र चौहान, प्रभुनाथ पाण्डेय, गुड्डू यादव, अभिषेक तिवारी, सुब्रत सिंह सैथवार, जितेंद्र कुशवाहा उपस्थित रहे।

## असम भाजपा ने दिया पुलिस की हिरासत से भागते समय गोली खाए भूमाफिया को बीटीआर चुनाव में टिकट

**असम/ब्यूरो।** एक समय भूमि कब्जे के आरोप में गिरफ्तार हुए और पुलिस द्वारा पीछा करते समय गोली खाए भूमाफिया रमेन मदाही को अब आगामी असम के बोडोलैंड टेरिटोरियल काउंसिल चुनाव में भारतीय जनता पार्टी ने कोकलाबाड़ी क्षेत्र से प्रत्याशी बनाया है। उल्लेखनीय है कि 26 नवम्बर 2023 को गुवाहाटी के लालुंग गाँव में रमेन मदाही ने पुलिस हिरासत से भागने का प्रयास किया था। उस समय उसे रोकने के लिए पुलिस ने गोली चलायी थी। यह घटना उस समय सुर्ख़ियों में रही थी क्योंकि मदाही पर कई आपराधिक मामले दर्ज थे और उसे एक कुख्यात भूमाफिया माना जाता था।

अब जब भारतीय जनता पार्टी, जो स्वयं को भ्रष्टाचार के मामले में "शून्य सहनशीलता" की बात करने वाली पार्टी बताती है, ने इसी भूमाफिया को चुनाव मैदान में उतारा है, तो इस खबर के सामने आते ही हर तरफ चर्चा तेज हो गई है। लोग आश्चर्य व्यक्त कर रहे हैं कि भाजपा ने ऐसे उम्मीदवार क्यों चुना है । इसी मुद्दे को लेकर विपक्षी दलों ने भी सत्तारूढ़ भाजपा की कड़ी आलोचना शुरू कर दी है।

## परिवर्तनकारी शिक्षक महासंघ ने "शिक्षा भूषण सम्मान 2025" से शिक्षकों को किया सम्मानित

**पटना/ब्यूरो।** शिक्षा में नवाचार को बढ़ावा देने वाले और शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले शिक्षकों को परिवर्तनकारी शिक्षक महासंघ ने पटना स्थित विद्यापति मार्ग के बिहार राज्य पंचायत परिषद् के सभागार में "शिक्षा भूषण सम्मान 2025" से सम्मानित किया। कार्यक्रम की शुरूआत में परिवर्तनकारी शिक्षक महासंघ जिला इकाई नालंदा के जिला महासचिव स्वर्गीय राजीव रंजन के चित्र पर पुष्पांजलि एवं माला अर्पित करते हुए 2 मिनट का मौन रखकर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई।

दीप प्रज्वलन कार्यक्रम में बिहार सरकार के माननीय मंत्री पर्यटन विभाग श्री राजू सिंह,महासंघ के प्रदेश संयोजक प्रणय कुमार, प्रदेश कार्यकारी संयोजक श्री नवनीत कुमार, पटना उच्च न्यायालय के अधिवक्ता श्री नलिन कुमार सहित कई गणमान्य शामिल हुए।

# टिफिन में लेकर जाएं दम आलू, इस रेसिपी से बनाना है आसान



हर शाम या सुबह ऑफिस जाने वालों को इसी बात की टेंशन रहती है कि लंच में क्या टेस्टी चीज लेकर जाएं. ऐसे में अगर आप रोजाना दाल, आलू मटर या चावल ले जाकर बोर हो गए हैं. तो उन्हीं सब्जियों को टेस्टी तरीके से बना सकते हैं. आप सुखे या फिर आलू मटर की जगह इस सोमवार लंच में कश्मीरी दम आलू लेकर जा सकते हैं. इस रेसिपी से इसे सुबह बनाना आसान रहेगा.

आज के भागदौड़ भरे लाइफस्टाइल में स्कूल, कॉलेज या ऑफिस जाने वाले हर व्यक्ति के सामने एक आम समस्या होती है कल टिफिन में क्या लेकर जाएं? ये एक ऐसा सवाल है, जो हर सुबह लोगों को उलझन में डाल देता है और यह उलझन समय के साथ कम होने की बजाय बढ़ती जाती है. हर दिन सुबह उठते ही रोजाना ऑफिस जाने की तैयारी शुरु हो जाती है. इसी में टिफिन भी तैयार करना शिमाल है.बच्चों से लेकर बड़ों तक, सभी का यही सवाल होता है ÷आज क्या बनाया जाए?÷ मां हो या गृहिणी, वर्किंग वुमन हो या खुद स्टूडेंट सभी के लिए टिफिन में क्या टेस्टी बनाकर लेकर जाएं यह विचार करना मुश्किल हो जाता है.

हर दिन पराठा, राजमा-चावल, पूड़ी, इडली, डोसा या सैंडविच बनाना आसान नहीं होता. वहीं सब्जी को एक ही तरह से खाकर बोरियत हो जाती है. ऐसे में कभी कुछ नया बनाने की कोशिश की जा सकती हैं. ज्यादातर लोग आलू के पराठे, मटर-आलू, या इस शिमला मिर्च या किसी दूसरी सब्जी के साथ बनाकर लेकर जाते है. वहीं आप सूख आलू की जगह पर कश्मीरी दम आलू भी ट्राई कर सकती हैं. तो आप इस सोमवार को टिफिन के लिए सुबह दम आलू बना सकते हैं, जो हर किसी को पसंद आएंगे.

कश्मीरी दम आलू

कश्मीरी दम आलू हल्के मसालेदार साबुत बेबी आलू की करी है जिसे बनाने के लिए दही का उपयोग भी किया जाता है. यह बेहद स्वादिष्ट होती है और आम प्याज और टमाटर की ग्रेवी से बिल्कुल अलग होती है. इसे फुल्का, नान या अपनी पसंद के किसी भी चावल के साथ गरमा गरम परोसा जा सकता है. आइए जानते हैं कश्मीरी दम आलू बनाने की रेसिपी

कश्मीरी दम आलू बनाने की रेसिपी

इसे बनाने के लिए पहले तो आलू को थोड़े से नमक के साथ उबालें और उसे छीलकर उसमें टूथपिक लगा दें. अब इन्हें एक कटोरे में लें. इसमें नमक और लाल मिर्च पाउडर डालकर अच्छी तरह से मिलाएं. एक कढ़ाई में तेल डालकर आलू को सुनहरा भूरा होने तक तलें और फिर एक तरफ अलग रख दें. अब सभी साबूत मसालें लें और उन्हें पैन में रोस्ट कर लें. इसके बाद मिक्सी में डालकर इसका पाउडर बना लें. साबुत लाल मिर्च के बीज निकालकर उन्हें गर्म पानी में भिगो दें. अब मिक्सी में साबुत लाल मिर्च और पानी डालकर इसका पेस्ट बना लें.एक बाउल में दहीं ले और उसमें पिसे हुए मसालों का पाउडर और सोंठ पाउडर डालकर फेंट लें. इसके बाद एक पैन में थोड़ा तेल गरम करें और उसमें लाल मिर्च पाउडर, हल्दी पाउडर और हींग डालकर अच्छी तरह मिलाएं. अब इसमें फेंटा हुआ दही का मिश्रण डालें और उबाल आने दें. इसे अब तले हुए आलू डालें और आलू के नरम होने तक पकाएं.अब लास्ट में कसूरी मेथी डालें और गैस बंद कर दें.

# बीत चुका है, हिमालय को सुनने का समय

**हिमालय एक नाजुक पारिस्थितिकी तंत्र है जहां वनों की कटाई, अनियोजित शहरीकरण और जलवायु परिवर्तन के कारण भूस्खलन, बाढ़ और ग्लेशियरों के पिघलने जैसी प्राकृतिक आपदाएं बढ़ रही हैं**

भारतीय मौसम विज्ञान विभाग% के अनुसार, इस क्षेत्र में संभवत~ ग्लेशियर झील के फटने से भारी विनाश हुआ है और इसका मूल कारण %ग्लोबल वार्मिंग% और जलवायु-परिवर्तन है। इसमें बहुत ज्यादा गर्मी, अत्यधिक ठंड, बेकाबू बारिश जैसे प्रत्यक्ष प्रभाव शामिल हैं। बढ़ते तापमान से ग्लेशियर तेज़ी से पिघल रहे हैं और झीलें अस्थिर हो रही हैं।हिमालय एक नाजुक पारिस्थितिकी तंत्र है जहां वनों की कटाई, अनियोजित शहरीकरण और जलवायु परिवर्तन के कारण भूस्खलन, बाढ़ और ग्लेशियरों के पिघलने जैसी प्राकृतिक आपदाएं बढ़ रही हैं। सन् 2012 में केंद्र सरकार ने भागीरथी नदी के गौमुख से उत्तरकाशी जलग्रहण क्षेत्र को एक पारिस्थितिक-संवेदनशील क्षेत्र के रूप में अधिसूचित किया था। इसका उद्देश्य प्राचीन क्षेत्रों का संरक्षण और बुनियादी ढांचागत गतिविधियों का नियमन करना था, परन्तु केंद्र और राज्य सरकारें इन नियमों को लागू करने में ढिलाई बरतती रहीं।भारतीय मौसम विभाग% की रिपोर्ट के मुताबिक, उत्तराखंड में औसत बर्फबारी में पिछले 50 वर्षों में 20 प्रतिशत की कमी दर्ज की गई है। भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण के अनुसार 1962 से अब तक हिमालयी ग्लेशियरों का 30 प्रतिशत हिस्सा पिघल चुका है जिसकी वजह से बाढ़ और भूस्खलन की घटनाएं बढ़ रही हैं। सन् 2013 में केदारनाथ में आई बाढ़, 2021 में जोशीमठ में ज़मीन और इमारतों के धंसकने, सन् 2023 में तीस्ता घाटी में हिमनद झील के फटने से आई बाढ़ और हिमाचल प्रदेश में बार-बार आने वाले मानसूनी भूस्खलन और बाढ़ को वैज्ञानिक पारिस्थितिक और भूगर्भीय रूप से संवेदनशील क्षेत्रों में असंतुलित बुनियादी ढांचे के विकास का परिणाम बताते हैं।आपदा प्रबंधन विभाग% और विश्वबैंक ने वर्ष 2018 में एक अध्ययन करवाया था। इस अध्ययन के अनुसार राज्य में 6300 से अधिक स्थान भूस्खलन जोन के रूप में चिन्हित किए गए थे। एक और रिपोर्ट में बताया गया है कि राज्य में चल रही हजारों करोड़ रुपये की विकास परियोजनाएं पहाड़ों को काटकर या फिर जंगलों को उजाड़कर बन रही हैं और इसी कारण भूस्खलन जोन की संख्या बढ़ रही है। हिमालय न केवल हर साल बढ़ रहा है, बल्कि इसमें भूगर्भीय उठापटक चलती रहती है।पेड़ भूमि को बांधकर रखने में बड़ी भूमिका निभाते हैं जो कि कटाव व पहाड़ को ढहने से रोकने का एकमात्र उपाय है। पहाड़ पर तोड़-फोड़ या धमाके होना या फिर उसके प्राकृतिक स्वरूप से छेड़छाड़ का ही दुष्परिणाम है कि



हिमालय में निरंतर भूकंप आते रहते हैं। जल-विद्युत परियोजनाओं के लिए सुरंग या अविरल धारा को रोकने से पहाड़ अपने नैसर्गिक स्वरूप में नहीं रह पाता और उसके दूरगामी परिणाम विभिन्न प्राकृतिक आपदा के रूप में सामने आते हैं।सन् 2020 में चार धाम राजमार्ग के निर्माण की जांच हेतु सर्वोच्च न्यायालय द्वारा गठित उच्चाधिकार प्राप्त समिति ने सिफारिश की थी कि संवेदनशील ढलानों से छेड़छाड़ न की जाए, परन्तु उसके विपरीत कार्य हो रहा है। हिमालय में बढ़ते पर्यटन के कारण होटल, मकान, सड़क, राजमार्ग आदि के निर्माण का भारी दुष्प्रभाव देखा जा रहा है। जून 2022 में गोविंद बल्लभ पंत राष्ट्रीय हिमालयी पर्यावरण संस्थानद्वारा जारी रिपोर्ट में कहा गया है कि हिमा लय में बढ़ते पर्यटन के चलते हिल स्टेशनों पर दबाव बढ़ा है।नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल के आदेश पर पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय% द्वारा किये गए एक अध्ययन से पता चला है कि हिमाचल प्रदेश के मनाली में 1989 में 4.7 फीसदी क्षेत्र में भवन, होटल, सड़क, दुकान आदि का निर्माण हुआ था जो 2012 में 15.7 फीसदी हो गया और आज यह आंकड़ा 25 फीसदी से ज्यादा हो गया है। वर्ष 1980 से 2023 के बीच पर्यटकों की संख्या में 5600 फीसदी की वृद्धि दर्ज की गई है। पुलिस रिकार्ड के मुताबिक विगत दो वर्षों से शिमला में आने वाले वाहनों की संख्या 25 प्रतिशत बढ़ गई है। शहर में सिर्फ 6000 वाहनों के पार्किंग की व्यवस्था है, लेकिन सीजन टाइम में प्रतिदिन 20,000 वाहन आते हैं।इन मानव-जनित चुनौतियों के चलते भूस्खलन, अचानक बाढ़ और बादल फटने जैसी घटनाएं विनाशकारी बनती जा रही हैं। हिमालयी क्षेत्र में, विशेषकर उच्च हिमालय की छोटी नदियों की घाटियों में, कई ऐसे स्थान हैं जहां विनाशकारी घटनाओं की संभावना बहुत अधिक होती है। ये घटनाएं अचानक घटित होती हैं। ऐसे स्थानों पर प्रारंभिक चेतावनी प्रणाली काम नहीं आती। पहले इंसान ऐसे स्थानों पर बसते नहीं थे, लेकिन हाल के वर्षों में हमने इन स्थानों की संवेदनशीलता पर ध्यान नहीं दिया है। ऐसे में सबसे अच्छा समाधान है, वहां रहने वाले लोगों को शिक्षित करना या बड़े पैमाने पर बस्तियां बसाने से रोकने के लिए कानून बनाना।भारतीय मौसम विज्ञान विभागके अनुसार, इस क्षेत्र में संभवत~ ग्लेशियर झील के फटने से भारी विनाश हुआ है और इसका मूल कारण ग्लोबल वार्मिंग और जलवायु-परिवर्तन है। इसमें बहुत ज्यादा गर्मी, अत्यधिक ठंड, बेकाबू बारिश जैसे प्रत्यक्ष प्रभाव शामिल हैं। बढ़ते तापमान से ग्लेशियर तेज़ी से पिघल रहे हैं और झीलें अस्थिर हो रही हैं। भारतीय विज्ञान संस्थान% (आईआईएससी) की एक टीम को संदेह है कि खीरगंगा चैनल को पानी देने वाले एक %लटकते ग्लेशियरज् ने 5 अगस्त को धराली में आई विनाशकारी बाढ़ में भूमिका निभाई होगी।

कश्मीर, लद्दाख, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, सिक्किम और अरुणाचल प्रदेश की 28043 ग्लेशियर झीलों में से 188 झीलें कभी भी तबाही का बड़ा कारण बन सकती हैं। इससे लगभग तीन करोड़ की आबादी पर बड़ा संकट मंडरा रहा है। इन ग्लेशियरों के पिघलने से बनने वाली झीलें केवल एक पारिस्थितिक संकट नहीं हैं। इन झीलों से निकलने वाले पानी के कारण नदियों का बहाव प्रभावित होता है। इसके साथ ही, जिन झीलों का पानी पूरी तरह भर जाता है या जिनका किनारा टूटता है, वे नीचे बसे क्षेत्रों के लिए भारी तबाही का कारण बनती हैं।हिमालयी पारिस्थितिकी तंत्र को बनाए रखने के लिए सतत विकास और संरक्षण के प्रयासों की आवश्यकता है। सरकार, गैर-सरकारी संगठनों और स्थानीय समुदायों को मिलकर काम करना होगा, ताकि हिमालय का संरक्षण किया जा सके और स्थानीय लोगों की आजीविका को भी सुनिश्चित किया जा सके। पीपुल्स साइंस इंस्टीट्यूट, देहरादून के पूर्व निदेशक रवि चोपड़ा बताते हैं कि तेज़ आर्थिक विकास की कल्पनाओं से मोहित भारतीय नागरिकों के लिए जलवायु परिवर्तन की चेतावनी के प्रति सचेत होने और सुरक्षित, टिकाऊ और समतापूर्ण आर्थिक विकास की मांग करने का समय बहुत पहले बीत चुका है। प्रकृति की सीमाओं को पहचानना और उनका सम्मान करना ही हमारे अस्तित्व और आर्थिक विकास का सबसे सुरक्षित और तार्किक मार्ग है।

संपादकीय

## जीवन रक्षक पहल

कैसी विडंबना है कि जो हेलमेट दुर्घटना में हमारे जीवन की रक्षा करता है, उसे पहनाने के लिये सरकार को सख्ती करनी पड़ रही है। जब तमाम दिशा-निर्देशों की अवहेलना तथा जुर्माने की अनदेखी करके लोग बिना हेलमेट का सफर करने की जिद दिखाते हैं तो निश्चय ही सरकारों को सख्ती करनी पड़ती है। ये आने वाला वक्त ही बताएगा कि उत्तर प्रदेश सरकार की 'हेलमेट नहीं तो पेट्रोल नहीं' मुहिम कितनी प्रभावी साबित होती है। हम यह जानते हैं कि दोपहिया वाहन पर चलना जितना सुविधाजनक है, उतना ही दुर्घटना की दृष्टि से बेहद संवेदनशील भी। कोई गिरता है तो चोट लगना निश्चित है। खतरा ये होता है कि हमारे गिरने पर पीछे से आ रहा तेज वाहन चाहकर भी गिरने वाले को बचा नहीं पाता। देश में हर साल लाखों दोपहिया वाहन चालक दुर्घटनाओं का शिकार होते हैं, कुछ दुर्भाग्यशाली बच नहीं पाते। लेकिन यदि हेलमेट लगा हो तो जीवित बचने की संभावना बहुत अधिक बढ़




जाती है। इस हकीकत को जानते हुए भी कि देश में होने वाली सड़क दुर्घटनाओं में तीस फीसदी शिकार दोपहिया वाहन चालक ही होते हैं, इस दिशा में लोग गंभीरता नहीं दिखाते। विडंबना यह भी है कि बहुत से लोग हेलमेट लगाते भी हैं तो सस्ते, और उसे भी टशन में लगाने से बचते हैं। विश्वास किया जाना चाहिए कि उत्तर प्रदेश सरकार की जीवन रक्षा की यह मुहिम रंग लाएगी। उम्मीद करें कि एक सितंबर से शुरू होने वाले इस अभियान को दोपहिया वाहन चालकों का सकारात्मक प्रतिसाद मिलेगा।

निस्संदेह, दोपहिया वाहन चालकों की सड़क दुर्घटना में होने वाली मौत की वजह हेलमेट न लगाना या फिर अच्छी गुणवत्ता का हेलमेट ठीक से न पहनना होता है। कई लोग चालान से बचने के लिये औपचारिकता के लिए सस्ता हेलमेट पहन लेते हैं, जो पहनने के बावजूद बचाव नहीं कर पाता। या फिर गिरने की स्थिति में खुलकर अन्यत्र गिर जाता है। सवाल उठता है कि यातायात नियमों के अनुसार अनिवार्य होने के बावजूद लोग हेलमेट को गंभीरता से क्यों नहीं लेते? ऐसी लापरवाही जिसकी कीमत उन्हें जान देकर चुकानी पड़ सकती है। कुछ लोग जीवनपर्यंत विकलांगता के शिकार भी हो जाते हैं। फिर भी ऐसी लापरवाही समझ से परे है। एक हकीकत यह भी है कि यातायात पुलिस भी शुरू से ही ऐसी सख्ती नहीं दिखाती कि कोई बिना हेलमेट के वाहन न चला सके। एक संकट यह भी है कि पिछली सीट पर बैठी महिलाएं हेलमेट नहीं पहनती हैं। जबकि हादसे होने की स्थिति में वे भी शिकार बनती हैं। कुछ को अपने बालों के खराब होने की चिंता होती है। क्या जीवन से बड़ी कोई चीज हो सकती है? लेकिन विडंबना यह कि तमाम प्रयासों के बावजूद हम हेलमेट पहनने को लेकर जिम्मेदारी का भाव जगाने में कामयाब नहीं हो पाते। एक आंकड़े के अनुसार, बीते साल तीस हजार लोगों की मौत हेलमेट न पहनने के कारण हुई। फिर भी हम हकीकत को नजरअंदाज करते हैं। उम्मीद है उत्तर प्रदेश सरकार की मुहिम रंग लाएगी।

# राहुल की यात्रा का पहला दौर कामयाब : मगर असली लक्ष्य है बिहार जीतना

**राहुल की बिहार यात्रा का पहला दौर खतम हो गया। दूसरा दौर जब भी शुरू हो मगर उससे पहले ही वोट चोरी पूरे देश में मुद्दा बन गई**




अब विपक्ष को जो वहां महागठबंधन के नाम से चुनाव लड़ रहा है अपना पूरा ध्यान चुनाव की तैयारी पर लगाना चाहिए। चुनाव आयोग के दांव पेंच चलेंगे। उस पर दबाव पड़ा है। मगर मोदी सरकार की तरफ से दबाव ज्यादा है। जाहिर है कि सत्ता का दबाव ज्यादा काम करेगा बनिस्बत विपक्ष और जनता के दबाव के। लेकिन चुनाव आयोग की साजिशों के बावजूद महागठबंधन को अपना चुनाव पूरी ताकत और कुशलता से लड़ना होगा।वैराहुल की बिहार यात्रा का पहला दौर खतम हो गया। दूसरा दौर जब भी शुरू हो मगर उससे पहले ही वोट चोरी पूरे देश में मुद्दा बन गई। यही इस यात्रा का पहला उद्देश्य था। देश में जगह-जगह वोट चोरी पर चर्चा होने लगी। बिहार का आदमी देश में हर जगह है। वह बता रहा है कि उसके घर गांव में कितने वोट कटे। जो जिन्दा हैं उनके नाम मुर्दों में लिख दिए और जो कई-कई बार वोट डाल चुके हैं उनके नाम ही गायब हैं। 18, 20, 22 साल के युवा जिनका नाम खोज-खोज कर घर-घर जाकर पहले जोड़े जाते थे उनके नाम ही नहीं हैं।जागरुकता हर जगह फैल गई है। अब बंगाल में जहां इसके बाद एसआईआर करने का भाजपा सोच रही थी करना मुश्किल होगा। राहुल का यह प्राथमिक उद्देश्य था जो पूरा हो गया। मगर असली उद्देश्य या लक्ष्य चुनाव जीतना होता है। अगर राहुल की इतनी सफल यात्रा जिसमें जनता ने सहभागिता के सारे रिकार्ड तोड़ दिए बिहार जीत में नहीं बदलती है तो यात्रा बेकार हो जाएगी। इसका उठाया मुद्दा वोट चोरी दम तोड़ देगा।अब विपक्ष को जो वहां महागठबंधन के नाम से चुनाव लड़ रहा है अपना पूरा ध्यान चुनाव की तैयारी पर लगाना चाहिए। चुनाव आयोग के दांव पेंच चलेंगे। उस पर दबाव पड़ा है। मगर मोदी सरकार की तरफ से दबाव ज्यादा है। जाहिर है कि सत्ता का दबाव ज्यादा काम करेगा बनिस्बत विपक्ष और जनता के दबाव के।लेकिन चुनाव आयोग की साजिशों के बावजूद महागठबंधन को अपना चुनाव पूरी ताकत और कुशलता से लड़ना होगा। निगाह चुनाव आयोग की धांधलियों पर रखना होगी। सुप्रीम कोर्ट में सही पैरवी करते रहना होगी। जनता को लगातार जागरूक करते रहना होगा और कार्यकर्ताओं को मजबूत करके बूथ लेवल तक पहुंचाना होगा।

आखिरी मैसेज चुनाव नतीजों से ही जाएगा। लड़ाई बराबरी की नहीं है। विपक्ष को लेवल प्लेइंग फील्ड नहीं मिलेगी। मगर जब तक मोदी है विपक्ष के पास कोई आप्शन नहीं है। इन्हीं हालातों में लड़ना होगा।पहले तो यह था कि प्रधानमंत्री मोदी को भी चुनाव के जरिए ही हटाया जा सकेगा। मगर पहलगाम के आतंकवादी हमले और उसके बाद अमेरिका के दबाव में सीज फायर ने परिस्थितियां पूरी तरह बदल दी हैं। अभी संसद के खतम हुए मानसून सत्र में मोदी का गिरता हुआ असर साफ दिख रहा था। भाजपा सांसद उस तरह मोदी और अमित शाह के साथ खड़े नहीं दिखे जैसे इससे पहले के सत्रों में दिखते थे। लोकसभा जहां पिछले 11 साल में राहुल गांधी को बोलने नहीं दिया गया।विपक्ष के हर नेता को हूट किया गया। पूरे विपक्ष को सदन से निष्कासित कर दिया गया वहां मोदी के प्रवेश करने पर वोट चोर गद्दी छोड़ के नारे लगे। अमित शाह के मुंह पर संविधान संशोधन का विपक्ष के मुख्यमंत्रियों को हटाने का बिल फाड़कर फेंका गया।यह मोदी अमित शाह के डर के खतम हो जाने का परिचायक था। राहुल का पिछले कुछ समय से यही प्रमुख नारा था डरो मत! और डर विपक्ष में खतम हुआ लेकिन इसके साथ सत्ता पक्ष में भी बना डर का माहौल खतम हुआ।

मोदी के 11 साल के शासन का अगर कोई एक आधार था तो वह डर ही था। जिसकी वजह से खुद उनकी पार्टी, सभी संवैधानिक संस्थाएं, मीडिया सब उनके नियंत्रण में रहते थे। अब वह डर खतम हुआ तो मोदी अपने आप कमजोर दिखने लगे। इसलिए जो पहले माना जाता था कि उन्हें केवल चुनाव के जरिए ही हटाया जा सकता है अब माना जाने लगा है कि खुद उनकी पार्टी उनके साथ नहीं है। अन्तरराष्ट्रीय स्तर से लेकर देश में हर जगह उनकी असफलताएं दिखने लगी हैं।राजनीति में नेता तभी तक स्वीकार्य होता है जब तक वह मजबूत दिखता है। राहुल गांधी का उनकी खुद की पार्टी में विरोध हो गया था। उन्हें अध्यक्ष पद से इस्तीफा देना पड़ा था। पार्टी के 23 बड़े नेताओं ने उनके खिलाफ सोनिया गांधी को पत्र लिखा था। मगर राहुल ने अपनी भारत जोड़ो यात्रा फिर दूसरी यात्रा करके और विपक्ष में एकजुटता लाकर इंडिया गठबंधन बनाकर मोदी को 2024 के चुनाव में बहुमत लाने से रोक दिया। उसके बाद राहुल न केवल अपनी पार्टी में पूरे विपक्ष में और जनता में मजबूत नेता के तौर स्थापित हो गए।और दूसरी तरफ उसी काल खंड में मोदी लोकसभा में बहुमत से दूर रहकर, अमेरिका के दबाव में आकर भारतीय सेना को पाकिस्तान के खिलाफ सफलता के निर्णायक क्षणों में रोकने और उसके बाद भी टैरिफ को नहीं रोक पाने के बाद अपना सारा रौब रुतबा खो चुके हैं। बची खुची कसर उनकी चीन यात्रा ने पूरी कर दी।

गलवान में मारे गए हमारे बीस बहादुर सैनिकों की शहादत आंखों के सामने घूम गई। उसके बाद चीन को जो क्लीन चिट दी थी कि न कोई घुसा है न कोई है कि याद आ गई। चीन जाने की जरूरत पर सवाल होने लगे। जो चीन पाकिस्तान के साथ संघर्ष में पूरी तरह उसके साथ खड़ा था। हमारी सेना के उपसेनाध्यक्ष लेफ्टिनेंट जनरल राहुल आर सिंह ने कहा कि सामने पाकिस्तान था मगर पीछे चीन लड़ रहा था। अब पाकिस्तान के साथ भारत क्रिकेट मैच खेल रहा है और चीन तो प्रधानमंत्री खुद पहुंच गए। तुर्किए जिस तीसरे देश का नाम सेना ने लिया था कि वह भी पाकिस्तान के साथ लड़ रहा था उससे फिर कारोबार शुरू कर दिया। गोदी मीडिया तक ने हेडिंग लगा दी रकार का यूटर्न। विदेश नीति पूरी तरह असफल बताई जा रही है।समस्या यह है कि विदेश नीति देश के लिए होती है। मगर मोदी पिछले 11 साल में अपनी छवि बनाने के लिए विदेश नीति चला रहे थे। अभी लेटेस्ट जापान का उदाहरण सामने है। वहां भारत जापान संबंधों में पलीता लगाकर गोदी मीडिया यह दिखा रहा है कि जापान में भारतीय सुरक्षित नहीं हैं। लेकिन मोदी की वजह से कोई डर नहीं है। यह जापान पर बहुत बड़ा प्रश्नचिन्ह है। वहां भारतीय या विदेशी सुरक्षित नहीं। कोई देश कैसे बर्दाश्त करेगा?मोदी का नाम रहे। बाकी देश के बारे में लोग क्या सोचेंगे इसकी चिन्ता नहीं। हर देश में जहां मोदी जाते हैं ऐसे ही ड्रामे किए जाते हैं। और इसी का असर है कि पाकिस्तान के साथ संघर्ष के समय एक देश भी भारत के साथ खड़ा नहीं हुआ।

यही हालत अब भाजपा के अंदर सवाल पैदा कर रहे हैं। संघ ने अभी उसके सौ साल का जश्न नहीं बिगड़े इसलिए 75 साल की उम्र के मसले को किनारे कर दिया है। मगर इससे सवाल खत्म नहीं होगा। सरसंघ चालक मोहन भागवत मोदी के साथ डूबती नाव का सफर नहीं करेंगे। फिलहाल भाजपा और संघ दोनों एक दूसरे की तरफ देख रहे हैं कि सवाल कहां से उठेंगे। कहीं से भी उठ सकते हैं।

